दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। सोमवार 15 सितंबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 266 पेज-10 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# नेपाल की नवनियुक्त पीएम सुशीला कार्की ने पदभार ग्रहण किया



**काठमांडू।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने आज सिंह दरबार में अपना कार्यभार संभाल लिया और राजनीतिक उथल-पुथल और विपक्ष की लगातार आलोचनाओं के बीच एक महत्वपूर्ण भूमिका में आ गईं। कार्की सुबह 11 बजे अपने नए कार्यालय पहुंचीं। पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने मुख्य सचिव और सभी मंत्रालयों के सचिवों की एक बैठक बुलाई है। इसी बीच, चीन ने भी सुशीला कार्की की नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति का स्वागत किया है।

चीनी विदेश मंत्रालय ने चीन-नेपाल संबंधों को सदाबहार मित्रता बताया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, चीन मैडम सुशीला कार्की को नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री बनने पर बधाई देता है।ह्व प्रिटोरिया में मौजूद चीनी दूतावास की तरफ से जारी बयान में कहा गया है, चीन और नेपाल के बीच सदियों पुरानी मित्रता है। चीन हमेशा की तरह नेपाल के लोगों द्वारा स्वतंत्र रूप से चुने गए विकास पथ का सम्मान करता है। हम शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए नेपाल के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं।

**अब नेपाल में कैसे हैं हालात?** : छह दिनों की भारी उथल-पुथल के बाद काठमांडू के ज्यादातर इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया है, सार्वजनिक परिवहन बहाल हो गया है और भारत-नेपाल सीमा पर आवाजाही बहाल हो गई है। हालांकि, छह इलाकों में कर्फ्यू अभी भी लागू है और सभाओं, विरोध प्रदर्शनों, भूख हड़तालों और जुलूसों पर दो महीने तक प्रतिबंध लागू रहेंगे।

बता दें कि सोमवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में जेन-जेड पीढ़ी ने सोशल मीडिया पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ विरोध शुरू किया। यह विरोध धीरे-धीरे देश के दूसरे हिस्सों में भी फैल गया।

सरकार ने बाद में सोशल मीडिया पर से प्रतिबंध हटा लिया, लेकिन युवाओं ने प्रदर्शन जारी रखा। कुछ समय बाद ये प्रदर्शन हिंसक हो गए।

हिंसा में 50 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। संसद भवन में आग लगा दी गई और कुछ नेताओं पर हमले भी हुए। हालात बहुत बिगड़ने पर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। मंगलवार की शाम (9 सितंबर) को नेपाल की सेना ने सुरक्षा की कमान संभाली और कानून-व्यवस्था बहाल की। अब देश की कमान पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के हाथों में है।

# विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर के आरोपों में लग रहा है दम

## पोस्टिंग में प्राथमिकता नए वालों को ज्यादा, पुराने वालों को कम

**आरोप**

"ग्रामीण जोन को लेकर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पोस्टिंग पर लगाए हैं गंभीर आरोप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के ग्रामीण जोन में 2023 बैच के उप निरीक्षकों को अधिक संख्या में चौकी देने का सनसनीखेज आरोप लगाया है, वह दमदार लग रहा है। दैनिक करंट क्राइम के पास बाते कई महीनों के दौरान देहात जोन की आई पांच अलग-अलग पोस्टिंग वाली लिस्ट मौजूद हैं, जो बता रही है की पोस्टिंग में प्राथमिकता नए दरोगाओं को ज्यादा और पुराने को कम दी जा रही है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने आरोप लगाया था कि नए दरोगा कम अनुभवी है और अनुभवी लोग लाइन और इधर-उधर पोस्टिंग काट रहे हैं। साथ ही उन्होंने इन नए पुलिस कर्मियों के अनुशासन और रवैया को लेकर भी सवाल उठाया था।

### पांच लिस्ट में 30 2023 बैच के दरोगाओं को मिली है पोस्टिंग



करंट क्राइम : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने देहात वाले जोन में 2023 बैच के उप निरीक्षकों को जिस तरीके से मनमाने ढंग से पोस्टिंग देने का आरोप लगाया है ,वह काफी हद तक सही भी नजर आ रहा है। पुलिस कमिश्नरेट के देहात जोन में पांच लिस्ट में 75 पुलिसकर्मियों को नई तैनाती दी गई है। जिसमें दरोगा, कांस्टेबल और हेड तक शामिल हैं लेकिन 30 2023 बैच के उप निरीक्षक भी इस लिस्ट में हैं। जिन्हें चौकी वाला गिफ्ट मिला है। अभी उनकी ट्रेनिंग को लगभग दो वर्ष का भी समय पूरा नहीं हुआ है और यह बेहद महत्वपूर्ण चौकी पर पोस्ट किए गए हैं। इसमें पिंक बूथ से लेकर महत्वपूर्ण और संवेदनशील चौकियां तक शामिल हैं।

### कुछ ऐसे हुई है 2023 बैच वालों को चौकियां

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 09 जून को पुलिस कमिश्नरेट ग्रामीण जोन की 32 की लिस्ट जारी हुई। जिसमें 14 उप निरीक्षक 2023 बैच वाले थे। तो वहीं अगली लिस्ट 1 जुलाई को आई, इसमें कुल 14 नाम थे, तो आठ चौकी और पिंक बूथ पर 2023 बैच वालों को मौका दिया गया। तो वहीं दो जुलाई को आई लिस्ट में पांच के नाम थे और दो दरोगा 2023 बैच वाले शामिल रहे, जिन्हें चौकी वाली जिम्मेदारी सौंपी गई। तो वहीं 11 सितंबर को जो लिस्ट आई है ,उसमें कुल सात पुलिस कर्मियों के नाम हैं। जिसमें से चार चौकी 2023 बैच वालों को आवंटित की गई हैं और यही से पूरा विवाद खड़ा हुआ बताया जा रहा है।

# आज से शहर में हो जाएगी रावण राज लागू होने की मुनादी

## नहीं होगी किसी को भी राम का नाम लेने की आजादी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर की सबसे पुरानी रामलीला का आज से श्रीगणेश होगा। अपनी परंपराओं के लिये, अपने सांस्कृतिक स्वरूप के लिये सुप्रसिद्ध श्री सुल्लामल रामलीला आज से शुरू होगी। परंपरागत रूप से आज रावण का दूत शहर के प्रमुख बाजारों में घूमेगा और रावण का दूत इस बात की मुनादी करेगा कि आज से कोई भी व्यक्ति शहर में राम का नाम नहीं लेगा। ये शहर की सबसे पुरानी रामलीला की शुरूआत की एक परंपरा है। इसमें रावण का दूत मुनादी करता है और इसी के साथ रावण राज की घोषणा होती है और रामलीला शुरू हो जाती है।

रावण का दूत परंपरागत रूप से अपने रथ पर सवार होकर ठाकुरद्वारा मंदिर से शहर की ओर चलेगा। रावण का दूत अट्ठहास के साथ मुनादी करेगा और इससे पहले रावण के दूत द्वारा परंपरागत रूप से ठाकुरद्वारा मंदिर में देवादिवे महादेव शिवजी की पूजा की जाएगी और शिवजी की पूजा करने के बाद रावण का दूत अपने रथ पर सवार होकर ठाकुरद्वारा मंदिर से दिल्ली गेट पहुंचेगा।

यहां से रावण के दूत की सवारी चौपला बाजार होते हुए डासना गेट पहुंचेगी फिर रमतेराम रोड से होते हुए गंज के बाजार में प्रवेश करेग। यहां कई स्थानों पर मुनादी होगी और फिर रावण का ये दूत घंटाघर अनाज मंडी पर आएगा और फिर बजरिया होते हुए सुल्लामल रामलीला मैदान पहुंचेगा। रावण के दूत की मुनादी के साथ रामलीला शुरू होगी। रावण का दूत ठाकुरद्वारा मंदिर से सोमवार को सायं पांच बजे अपने रथ पर सवार होकर नगर में मुनादी के लिये निकलेगा।

### मैं हूं पूरी तरह स्वथ्य और कर रहा हूं काम: अजय बंसल



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल ने कमेटी के कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू द्वारा दिये गये बयान का खंडन किया है। सुधीर गोयल मोनू ने डिप्टी सीएम और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के यहां बिना अध्यक्ष, बिना महामंत्री, बिना वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बिना कनिष्ठ उपाध्यक्ष, बिना मंत्री, बिना लेखापरीक्षक, बिना उस्ताद के स्वयं जाकर और स्वागत अध्यक्ष के साथ जाकर निमंत्र पत्र देने की बात पर अपना बयान दिया था। उन्होंने अध्यक्ष और महामंत्री को अपने साथ ना ले जाने के सवाल पर कहा था कि अध्यक्ष और महामंत्री दोनों ही अस्वस्थ्य चल रहे हैं। उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है इसलिये उन्हें साथ नहीं ले गए। श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल ने अपना हैल्थ बुलेटिन जारी किया। उन्होंने कहा कि मैं रोजाना रामलीला मैदान में जा रहा हूं। मैं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष के रूप में रोजाना काम कर रहा हूं। मैं अपने सभी दायित्वों को पूरा कर रहा हूं और मंचन से लेकर मेले की व्यवस्थाओं पर निगाह रख रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं पूरी तहर स्वस्थ्य हूं और मैं प्रभु कृपा से रोजाना मैदान पर भी आ रहा हूं, काम भी करा हूं।

# जल्द मिलने जा रही है जनता को

## हाउस टैक्स वाले मामले में बड़ी राहत

### मिनट्स बुक हो चुकी है मूव और पूरी होने जा रही है चाहत!





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स के मामले ने नगर निगम को दो भागों में विभक्त कर दिया। हाउस टैक्स को लेकर भाजपा में ही बगावत का बिगुल बज गया। पार्षदों ने वैलफेयर एसोसिएशन का गठन कर लिया। 30 जून वाली बैठक में मेयर ने सर्वसम्मति से बढ़े हाउस टैक्स का प्रस्ताव निरस्त करने की घोषणा की। मिनट्स बुक को लेकर पार्षद धरने पर बैठ गए। धरने को लेकर मेयर ने संगठन को लेटर लिख दिया। संगठन ने मेटर को अनुशासनहीनता नहीं माना और इसे पार्षदों का अधिकार बताया। पार्षद मिनट्स बुक से लेकर हाउस टैक्स के मामले को लेकर बस में सवार हो लखनऊ पहुंचे। पूर्व पार्षदों ने हाईकोर्ट में रिट दाखिल कर दी। निगम के अफसरों ने जवाब दाखिल कर दिया और इधर जनता असमंजस में थी, वो हाउस टैक्स जमा करें या ना करें। निगम की तरफ से करदाताओं के मोबाइल पर नोटिस और निगम की मुखिया ने जनता से कहा कि वो अभी टैक्स जमा ना करें। इन सबके बीच एक बड़ी खबर जो लखनऊ से आ रही है वो ये है कि नगर निगम बोर्ड बैठक की मिनट्स बुक की फाइल मूव कर गई है। सूत्र बताते हैं कि हाउस टैक्स वाले मामले में गाजियाबाद की जनता को एक हफ्ते लेकर दस दिन के भीतर एक बड़ी राहत मिलने जा रही है। किंग सिटी से लेकर भाजपा के गलियारों तक ये खबर रही है और यहां जनता के लिये खुश होने का समय आ रहा है। बड़ी बात ये है कि पार्षद वैलफेयर एसोसिएशन भी अब सैलिब्रेशन की तरफ बढ़ रही है।

सूत्र बताते हैं कि बढ़ा हुआ हाउस टैक्स निरस्त होने जा रहा है। विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि शासन ने 30 जून वाली निगम बोर्ड बैठक के फैसले को सही माना है। सदन में सर्वसम्मति से जो प्रस्ताव निरस्त किया था उस पर शासन की ओके रिपोर्ट लगी है। सूत्र बताते हैं कि अब लखनऊ से रिपोर्ट आते ही गाजियाबाद की जनता पर बढ़ा हुआ टैक्स लागू नहीं होगा। सूत्र बताते हैं कि मिनट्स बुक की फाइल शासन के पास पहुंच चुकी है और शासन ने बोर्ड की सर्वसम्मति का सम्मान किया है और इस पर अपनी सहमति जताई है। प्रबल उम्मीद है कि ये पूरा मामला एक हफ्ते के भीतर सुलझ जाएगा।

# 'आईपीएस की रेड ने उड़ा दिए पुलिस वालों के होश'

## 'पांच पुलिस वालों को लाइन हाजिर करके खत्म कर दिया जोश'

### जब स्लीपर और टीशर्ट में निमिष दशरथ पाटिल ने देर रात तक चलने वाले हुक्का बार व क्लब में की रेड

**रेड**

"शिकायत मिलने के बाद किया था इंदिरापुरम और कौशांबी के क्लब का निरीक्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले कौशांबी ओर इंदिरापुरम थाने में अवैध रूप से चलने वाले हुक्का बार और देर रात तक रंगीन रहने वाले क्लब लगातार पुलिस की रडार पर रहते हैं। इस बार ट्रांस हिंडन जोन में आईपीएस अधिकारी और डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने अलग अंदाज में रेड की है। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात जैसे ही उनको सूचना मिली, तो वह कौशांबी और इंदिरापुरम के अलग-अलग क्लब में स्लीपर चप्पल और टी-शर्ट पहन के पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां ट्रांस हिंडन जोन के कौशांबी थाने के अंतर्गत आने वाले बैंग-बैंग एवं पब्लिक हाउस में अवैध रूप से हुक्का चल रहा था। तो वहीं गॉडफादर क्लब में भी ऐसा ही मामला सामने आया। तो वहीं आदित्य मॉल स्थित बिग डैडी क्लब में भी यहीं मामला चलता मिला। उन्होंने इसकी जानकारी चौकी प्रभारियों व थाने से ली तो उनकी भी मिलीभक्त प्रकाश में आई है। इसके बाद डीसीपी ट्रांस हिंडन ने एक्शन वाला मोड लिया और पांच पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करते हुए कई लोगों को गिरफ्तार करते हुए हुक्के, चिलम और अवैध तंबाकू बरामद किया गया है।

इस मामले को लेकर आईपीएस अधिकारी ने जिस तरीके से ट्रांस हिंडन के अवैध क्लब, हुक्का बार और देर रात तक गुलजार रहने वाले इलाकों पर छापेमारी की कार्रवाई की है। तो इसके बाद उन्होंने एक्शन मोड लेते हुए तीन उप निरीक्षकों , एक हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल को लाइन हाजिर किया है। इस मामले में उनके निर्देश पर हल्का प्रभारी कौशांबी भुवन चंद शर्मा को हटाया गया है। तो वहीं चौकी प्रभारी अभय खंड हर्ष मणि तिवारी और थाना इंदिरापुरम में तैनात उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल रोहित खोखर और कांस्टेबल सुशील कुमार को लाइन हाजिर किया गया है।

### आठ लोग सहित दर्जनों हुक्के, पाइप और फ्लेवर चिलम बरामद



करंट क्राइम : डीसीपी ट्रांस हिंडन के दिशा निर्देश पर कौशांबी थाने और इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में जिस तरीके से देर रात पहुंचकर कार्रवाई की गई है। इसके बाद इंदिरापुरम से तीन अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। तो कौशांबी थाने से कुल पांच अभियुक्त पकड़े गए हैं। बड़ी संख्या में हुक्के के पाइप, चिलम, अवैध फ्लेवर, तंबाकू व अन्य सामान बरामद किया गया है। इस कार्रवाई से पुलिस विभाग व ऐसा धंधा करने वाले डरे हुए बताए जा रहे हैं।

### कौशांबी-इंदिरापुरम में हुक्का बार और क्लबों का जाल, पुलिस की अवैध कमाई से भी जुड़ते हैं तार

करंट क्राइम : कौशांबी और इंदिरापुरम इलाकों में दर्जनों क्लब, हुक्का बार और होटल खुलेआम संचालित हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इन स्थानों पर देर रात तक रंगीन पार्टियां होती हैं और अवैध गतिविधियाँ भी चलती रहती हैं। बताया जाता है कि इस पूरे कारोबार में पुलिस का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष समर्थन बना रहता है। स्थानीय लोगों और पुलिस महकमे से जुड़े सूत्र बताते हैं कि इन क्लबों और बारों से पुलिस को बड़ी अवैध कमाई होती है। कई बार आरोप लगे हैं कि थानों और चौकियों से लेकर ऊपर तक पैसा पहुँचने के बाद इन धंधों पर कोई अंकुश नहीं लगता है। पर जब मामला उच्च अधिकारियों या आईपीएस स्तर तक पहुंचता है, तब जाकर कार्रवाई और बवाल खड़ा होता है। यह स्थिति नई नहीं है। इससे पहले भी कौशांबी और इंदिरापुरम क्षेत्र में हुक्का बार और अवैध क्लबों पर छापेमारी व कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन कुछ समय बाद वहीं हालात दोबारा लौट आते हैं।

# चिशोती त्रासदी का एक माह : मलबे में अब भी अपनों को तलाश रही निगाहें

**दुखद**

"जहां कभी रहमतों की बारिश होती थी वहां अब मरघटी सन्नाटा है







14 अगस्त को आसमानी आपदा ने मचाया था मौत का तांडव

एक झटके में 71 लोगों की मौत हो गई और 31 लापता हो गए

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के उपमंडल पॉडर के चिशोती गांव में जहां कभी रहमतों की बारिश होती थी वहां अब मरघटी सन्नाटा है। यहां सिसकियां हैं और दूर तक पसरी डरावनी वीरानी। 14 अगस्त को आसमानी आपदा ने कुछ सेकंड में मौत का तांडव मचा दिया था।

एक झटके में 71 लोगों की मौत हो गई और 31 लापता हो गए। लापता लोगों में चार चिशोती गांव के ही हैं इस घटना के एक माह बाद भी लापता लोगों की खबर नहीं है। उनके परिजन के फोन पर जब भी किसी अनजाने नंबर से फोन आता है तो उन्हें उम्मीद जग जाती है कि शायद कोई खबर मिले।

एक माह से वे इसी आसा-निराशा के भंवर में हैं। मचैल यात्रा भी अधूरी रह गई, जहां इस वर्ष 3 लाख से अधिक यात्रियों की संख्या होनी थी वहीं अभी दो लाख भी पूरी नहीं हुई कि आपदा ने चिशोती को कभी न भूलने वाला दर्द दे दिया। अब भी जिन चार लोगों के शव बरामद नहीं हुए हैं, उनके परिजन इसी आस में हैं कि कभी तो कुछ समाचार मिलेगा पर उनके विश्वास पर नाउम्मीदी भारी पड़ती जा रही है। एक माह में भारी बारिश व बाढ़ से लापता के शव कहां पहुंचे होंगे, कुछ कहा नहीं जा सकता।

10 दिनों की तलाश में चार-पांच ही शव मिल पाए थे। कुछ शव या तो वहीं भारी मलबे के नीचे दबे मिले या फिर भोटनाला नदी से निकाले गए। कुल 31 लोग अभी लापता हैं। उनके परिवार नाउम्मीद होते जा रहे हैं। चिशोती के जो चार लोग लापता हैं, उनमें बोधराज, सोमनाथ कल्याण सिंह और तुलसी देवी शामिल हैं।

उनके परिजन उनकी खोज खबर पाने के लिए हाकिमों से लेकर देवालयों तक हर ड्योढ़ी पर माथा पटक रहे हैं। चिशोती के लोगों का हाल यह है कि अब वे गांव छोड़ना चाह रहे हैं। उन्हें रात में आसमानी आपदा के डरावने सपने आते हैं। वे चाह रहे हैं कि उन्हें सुरक्षित जगह पर बसाया जाए।

प्रभावित परिवारों के आंसू सूख नहीं पा रहे हैं। इस आपदा में इस गांव के 14 लोग बेघर हुए हैं। जिनके पास दूसरे कस्बों में अपना ठौर था, वे वहां शिफ्ट हो गए हैं। बाकी पड़ोसियों-रिश्तेदारों के घर दिन काट रहे हैं। बेघर लोग सरकार से दूसरी जगह बसाने के साथ आवास की मांग कर रहे हैं।

**समितियों के नुकसान आकलन का इंतजार :** उपराज्यपाल की ओर से इस आपदा से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए बनाई गई टीम ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। केंद्रीय टीम भी आई थी मगर उस दौरान भारी बारिश के कारण वह अपना आकलन नहीं कर सकी। उसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को वहां जाना था मगर मौसम की खराबी के चलते ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस कर जानकारी ली। उन्होंने तात्कालिक राहत के तौर पर वहां बेली ब्रिज के साथ पॉडर में सैनिक स्कूल खोलने की सहमति जताई।

उन्होंने पाडर-नागसेनी के विधायक सुनील कुमार शर्मा व जिला प्रशासन को कई निर्देश जारी किए थे। गृह मंत्री अमित शाह भी मौसम की खराबी के कारण चिशोती नहीं पहुंच सके थे मगर उन्होंने वहां सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। दो सप्ताह बाद खुला खुला चिशोती मार्गदो सप्ताह से बंद चिशोती मार्ग वाहनों के लिए खोल दिया गया है। भारी बारिश के चलते किश्तवाड़ से चिशोती तक दर्जनों जगहों पर भारी भूस्खलन से मार्ग मंद था। किश्तवाड़ से पाडर गुलाबगढ़ व बीकन (ग्रेफ) तक काम चल रहा है। वहां से चिशोती तक पीएमजीएसवाई काम में लगी है। किश्तवाड़ से साढ़े 8 किमी दूर डूल इलाके के पास पड़े बोल्डर भी हटा दिए गए हैं।

**आपदा**

"एक माह में भारी बारिश व बाढ़ से लापता के शव कहां पहुंचे होंगे, कुछ कहा नहीं जा सकता

---

## असम के दरांग में मां के अपमान पर बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# शिव का भक्त हूं, सारा जहर निगल जाता हूं

**सौगात**

"पीएम ने दरांग में 6300 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया




**हमला**

"पीएम बोले- कांग्रेस की सरकार बांस काटने पर जेल में डाल देती थी

**सराहना**

"प्रधानमंत्री ने कहा- असम भारत के उर्जा सामर्थ्य को बढ़ाने वाली धरती है

**संतोष**

"पीएम बोले- आज का दिन विकसित असम-विकसित भारत की गौरवयात्रा के लिए अहम

**आरोप**

"पीएम ने कहा- कांग्रेस घुसपैठियों, राष्ट्रविरोधी ताकतों की संरक्षक

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के असम दौरे का आज दूसरा दिन है। वे नुमालीगढ़ में अभी जनसभा कर रहे हैं। उन्होंने कहा- हम विदेश से बिजली और ईंधन आयात करते हैं और बदले में उन्हें लाखों रुपए देते हैं। इससे वहां रोजगार और आमदनी बढ़ती है। इसे बदलना जरूरी है। भारत का आत्मनिर्भर बनना जरूरी है।

प्रधानमंत्री ने इससे पहले दरांग में जनसभा की। इसमें उन्होंने कहा- जब भारत सरकार ने भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिया था, उस दिन कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था- मोदी, नाचने-गाने वालों को भारत रत्न दे रहा है।

**अब असम पोलीप्रोपाइलीन टेक्सटाइल से भी पहचाना जाएगा :** पीएम मोदी ने कहा- आप सभी रोजमर्रा की जिन्दगी में प्लास्टिक से बनी बहुत सारी चीजों का इस्तेमाल करते हैं। ये सब बनाने के लिए पोलीप्रोपाइलीन चाहिए। इसके बिना आज जीवन की कल्पना भी मुश्किल है। इसी के आधुनिक प्लांट का उपहार आज आपको मिलने जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा- इस प्लांट से मेक इन असम और मेक इन इंडिया की नींव मजबूत होने जा रही है। जैसे असम गोमोशा, एरी और मुगाशिल के लिए जाना जाता है, उसी तरह असम की पहचान में पोलीप्रोपाइलीन से बना टेक्सटाइल जुड़ने जा रहा है।

पीएम मोदी ने कहा- मुझे असम के सामर्थ्य पर भरोसा है, इसलिए सेमीकंडक्टर मिशन के लिए असम को चुना है। इस विश्वास का कारण भी बहुत बड़ा है। गुलामी के दौर में असम के चाय की इतनी पहचान नहीं थी, लेकिन देखते ही देखते असम की मिट्टी और लोगों ने इसे ग्लोबल ब्रांड बनाया। अब नया दौर आ गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा- ग्रीन एनर्जी के मामले में भी हम तेजी से कदम उठा रहे हैं। एक दशक पहले हम बहुत पीछे थे, लेकिन आज टॉप 5 देशों में है। बदलते हुए इस समय में भारत को तेल और गैस के विकल्प में और भी ईंधन की जरूरत है। ऐसा ही विकल्प है एथेनॉल। आज यहां बांस से एथेनॉल बनाने की शुरूआत हुई है, इसका फायदा हमारे किसानों को होगा।

पीएम मोदी ने कहा- इस प्लांट को चलाने के लिए बांस की खेती से किसानों को मदद देगी। लोग बांस खरीदेंगे। हर साल इस क्षेत्र में 200 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस प्लांट से हजारों लोगों को फायदा होगा। आज हम बांस से एथेनॉल बनाने जा रहे हैं। लेकिन हमें वो दिन भी भूलना नहीं है, जब कांग्रेस की सरकार बांस काटने पर जेल में डाल देती थी।

पीएम ने कहा- वो बांस जो हमारे आदिवासियों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है, उसे काटने पर पाबंदी लगी हुई थी। हमारी सरकार ने इससे बैन हटाया। इससे नॉर्थ ईस्ट के लोगों को बहुत फायदा होगा। पीएम ने गोलाघाट में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- विकसित असम-विकसित भारत की गौरवयात्रा के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है।

---

## पंजाब आपदा : धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही जिंदगी

# राहुल गांधी आज बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनका दुख साझा करेंगे




तेज बारिश से राज्य के 13 जिलों के 1,400 से अधिक गांव प्रभावित

**जीत जाएंगे हम**

"राहुल गांधी बाढ़ पीड़ित इलाकों का जायजा लेंगे और पीड़ितों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे

**नई दिल्ली।** पंजाब में बाढ़ से बिगड़े हालात के बीच स्थिति का जायजा लेने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को गुरदासपुर जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान वह बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेंगे और पीड़ितों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सोमवार को पंजाब के गुरदासपुर पहुंचेंगे, जहां वे बाढ़ से प्रभावित गांवों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याओं को सुनेंगे। इस दौरान वे बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन भी करेंगे। राहुल गांधी का यह दौरा राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी अहम माना जा रहा है।

इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई अन्य बड़े नेता भी पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर चुके हैं। इन दौरों का मकसद नुकसान का जायजा लेना और प्रभावित लोगों को सहायता पहुंचाने के लिए योजनाएं बनाना रहा है। राहुल गांधी का यह दौरा भी इसी दिशा में एक कदम माना जा रहा है। गौरतलब है कि पंजाब में आई भीषण बाढ़ ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। पहाड़ी राज्यों में तेज बारिश और नदियों के उफान से राज्य के 13 जिलों के 1,400 से अधिक गांव जलमग्न हो गए हैं। लाखों लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, वहीं लाखों हेक्टेयर फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पंजाब का दौरा कर हालात का जायजा लिया था। उन्होंने हवाई सर्वेक्षण के बाद गुरदासपुर में समीक्षा बैठक की और 1,600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त वित्तीय सहायता का ऐलान किया। यह राशि राज्य को पहले से उपलब्ध 12 हजार करोड़ रुपए के अतिरिक्त होगी। साथ ही उन्होंने एसडीआरएफ की दूसरी किस्त अग्रिम रूप से जारी करने और पीएम किसान सम्मान निधि के तहत राशि देने की घोषणा की। प्रदेश के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी कैबिनेट बैठक के बाद राहत पैकेज की घोषणा की। इसमें बाढ़ से नष्ट घरों के लिए 40 हजार रुपए मुआवजा (एसडीआरएफ की पूर्व राशि 6,800 रुपये से बढ़ाकर), मृत पशुओं के लिए 37,500 रुपए, किसानों को प्रति एकड़ 20 हजार रुपए और मृतकों के परिवारों को 4 लाख रुपए दिए जाएंगे।

---

# 5 लाख का इनामी नक्सली मुखदेव यादव ढेर

**कामयाबी**

"झारखंड के पलामू में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता



**पलामू।** झारखंड के पलामू में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों को रविवार सुबह बड़ी सफलता मिली। तरहसी और मनातू थाना क्षेत्र की सीमा पर टीएसपीसी संगठन के नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में 5 लाख के इनामी नक्सली मुखदेव यादव को सुरक्षाबलों ने मार गिराया। सुबह करीब 7 बजे शुरू हुई इस मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

**मारा गया पांच लाख का इनामी नक्सली :** जानकारी के मुताबिक, मुखदेव यादव लंबे समय से टीएसपीसी संगठन का सक्रिय सदस्य था और कई नक्सली वारदातों में शामिल रहा। 3 सितंबर की रात पलामू जिले में हुई मुठभेड़ में जब पुलिस के दो जवान शहीद हुए थे, उस घटना में भी मुखदेव यादव की संलिप्तता सामने आई थी। यही वजह थी कि पुलिस उसकी तलाश में थी।

पुलिस ने 10 लाख के इनामी टीएसपीसी कमांडर शशिकांत गंझू को पकड़ने के लिए एक बड़े सर्च अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान में कोबरा, जगुआर और जिला पुलिस बल की संयुक्त टीमों को लगाया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को तरहसी और मनातू थाना क्षेत्र के जंगल में जब सुरक्षाबलों ने घेरा डाला, तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने मुखदेव यादव को मार गिराया। पलामू की एसपी ने बताया कि यह सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता है और अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संगठन से जुड़े अन्य बड़े नक्सलियों को भी जल्द ही या तो गिरफ्तार कर लिया जाएगा या निष्प्रभावी किया जाएगा।

मुठभेड़ स्थल से हथियार और अन्य सामग्री भी बरामद की गई है। अधिकारियों का मानना है कि इस सफलता से संगठन की कमर टूटेगी और अन्य नक्सलियों के आत्मसमर्पण की संभावना बढ़ जाएगी।

---

# पाक के साथ मैच खेलना देश से गद्दारी : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 में आज यानी रविवार को भारत और पाकिस्तान का मैच होने वाला है। भारत में बहुत से लोग भारत-पाक मैच का विरोध कर रहे हैं। सरकार से यह मैच रद्द कराने की मांग की जा रही है। इस बीच आम आदमी पार्टी के चीफ अरविंद केजरीवाल ने भी सरकार को निशाना बनाया है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'आप' नेता सौरभ भारद्वाज के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए लिखा कि पाकिस्तान के साथ मैच खेलना देश के साथ गद्दारी है।

उन्होंने लिखा कि इस बात से हर भारतीय बेहद गुस्से में है। इससे पहले शनिवार को अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी पर निशाना साधा था। वहीं, आप नेता सौरभ भारद्वाज ने एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि खून और खेल एक साथ नहीं चल सकते हैं।




**सौरभ भारद्वाज ने भी की निंदा :** एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने जा रहे मैच को लेकर 'आप' नेता सौरभ भारद्वाज ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अभी कुछ समय पहले ही पाकिस्तानी आतंकवादियों ने महिलाओं के पतियों को मार डाला। उस दौरान पूरा देश उनके साथ रोया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सरकार ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। अब उन्हीं पाकिस्तानियों के साथ मैच खेलने के लिए दुबई पहुंच गए हैं।

**इन रेस्टोरेंट का बहिष्कार करेगी 'आप' :** 'आप' नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पूरे देश में भारत-पाक मैच का विरोध हो रहा है। उन्होंने कहा कि वे दिल्ली में उन सभी रेस्टोरेंट, बार और नाइट क्लबों का बहिष्कार करेंगे, जो भारत-पाक मैच का लाइव टेलीकास्ट करेंगे। 'आप' नेता ने कहा कि वे लोगों से इन रेस्टोरेंट बार में न जाने के लिए कहेंगे। ऐसे लोगों को व्यापार करने का कोई अधिकार नहीं है।

**'पाकिस्तान से मैच खेलने की जरूरत क्या?' :** बता दें कि इससे पहले शनिवार को अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी से सवाल करते हुए 'एक्स' पर लिखा था, 'पाकिस्तान के साथ मैच करवाने की आखिर क्या जरूरत है? जब सारा देश कह रहा है कि ये मैच नहीं होना चाहिए।

---

# चिंताजनक : प्रकृति के साथ इंसानों का जुड़ाव 60 फीसदी हुआ कम

**अध्ययन**

"जब लोग प्रकृति से कम जुड़ते हैं तो अगली पीढ़ियां भी उससे और अधिक दूर होती चली जाती हैं







शहरीकरण के चलते बच्चों और युवाओं में प्रकृति अब सुख-सुविधा बन गई है।

धरती पर मानव-निर्मित वस्तुओं का भार अब अधिक हो चुका है।

**नई दिल्ली।** क्या हम अब भी प्रकृति का हिस्सा हैं या उससे अलग होकर अपनी राह चुन चुके हैं? इस संदर्भ में यूनिवर्सिटी ऑफ डर्बी (यूके) के नेचर कनेक्टेडनेस अध्ययन से खुलासा हुआ है कि पिछले ढाई सौ वर्षों में इन्सानों का प्रकृति से जुड़ाव 60 प्रतिशत तक घट चुका है। दूसरी ओर इजरायल के वीजमैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस की रिपोर्ट बताती है कि धरती पर मानव-निर्मित वस्तुओं का भार अब सभी जीवित प्राणियों के कुल वजन से अधिक हो चुका है। यह वही पलटाव है जिसे वैज्ञानिक अनुभव के विलुप्त होने और प्रकृति पर उपनिवेश जमाने के रूप में देख रहे हैं। मानव सभ्यता की कहानी हमेशा से प्रकृति के साथ जुड़ाव और उस पर निर्भरता की रही है। लेकिन हाल के शोध बताते हैं कि यह रिश्ता कमजोर होता जा रहा है।


प्रोफेसर माइल्स रिचर्डसन (यूनिवर्सिटी ऑफ डर्बी) ने अपने अध्ययन में पाया कि 1800 से अब तक इंसानों का प्रकृति से जुड़ाव लगभग 60% घटा है। उन्होंने अनुभव के विलुप्त होने (एक्सटिंक्शन का एक्सपीरियंस) की अवधारणा के आधार पर यह नतीजा निकाला। यानी जब लोग प्रकृति से कम जुड़ते हैं तो अगली पीढ़ियां भी उससे और अधिक दूर होती चली जाती हैं। इस शोध में नदी, फूल, बाग बगीचे, पेड़ों के झुरमुट, पगडंडी जैसे शब्दों के साहित्य में प्रयोग की आवृत्ति को संकेतक माना गया। परिणाम दिखाते हैं कि औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के बाद प्रकृति से जुड़ी भाषा और अनुभव दोनों तेजी से गायब होने लगे।

**जेन जी प्रकृति के उपहारों से वंचित :** जब नई पीढ़ियां (जेनरेशन जेड-जेन जी) बचपन से ही प्रकृति के सीधे अनुभवों जैसे मिट्टी में खेलना, पेड़ों में चढ़कर फल तोड़ना, कच्चे रास्तों पर चलना या दौड़ना, खुले आसमान के नीचे समय बिताना या ऋतु-परिवर्तन को महसूस करने से वंचित रहती हैं, तो उनकी सोच में प्रकृति एक संकल्पना मात्र बन जाती है, अनुभवजन्य सच नहीं। नतीजा यह है कि निर्णय लेने और भविष्य की योजनाओं में प्रकृति और पर्यावरण का स्थान पीछे खिसक जाता है, जबकि उपभोग और नियंत्रण की प्रवृत्ति आगे बढ़ जाती है।

**नई पीढ़ी पर्यावरण को सामान्य मान रही :** अमेरिकी मनोवैज्ञानिक पीटर एच. कान जूनियर ने इसे एनवायरमेंटल जेनरेशनल एमनेसिया कहा है यानी हर नई पीढ़ी उस पर्यावरण को सामान्य मान लेती है जिसमें वह बड़ी होती है, चाहे वह पिछली पीढ़ियों की तुलना में अधिक कृत्रिम और प्रदूषित ही क्यों न हो।

नतीजतन, इंसानी सोच में प्रकृति का स्थान एक संकल्पना भर रह जाता है। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज मुंबई से जुड़ीं डॉ. नीना डेविड ने भी यह रेखांकित किया है कि शहरीकरण के चलते बच्चों और युवाओं की विचार-प्रक्रिया में प्रकृति अब मूलभूत जीवनाधार की बजाय वैकल्पिक सुख-सुविधा बन गई है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## संजयनगर वाली रामलीला में रविवार को हो गया किस बात पर घमासान

# मुचलकों में पाबंद भाजपाई पहुंचे जनप्रतिनिधियों के पास और रखी बात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वैसे तो शहर की सभी रामलीलाओं में महाभारत का सीन चल रहा है। कहीं लड़ाई लाइन पार में है तो कहीं लड़ाई पुरानी रामलीला में है। कहीं कैशियर ने कह दिया कि अध्यक्ष और महामंत्री बीमार हैं तो कहीं रामलीला से पहले भाजपा कार्यकताओं के पास मुचलके पहुंच गए, उनके घर पुलिस पहुंच गई और बताते हैं कि शाब्दिक घमासान भी हो गया। गौरतलब है कि संजयनगर की रामलीला को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा था। इस विवाद का रोचक पहलू ये है कि रामलीला की इस महाभारत में दोनों तरफ भाजपाई हैं। कहानी में मोड़ तब आया जब रविवार को भाजपा नेताओं के पास मुचलके के आदेश आए।



सूत्र बताते हैं कि डिप्टी रजिस्ट्रार के आदेश यह थे कि पुरानी कमेटी ही रामलीला कराएगी, उस कमेटी में 21 लोग हैं। जिनमें से सात का निधन हो चुका है। जो लोग दिवंगत हो चुके हैं उनमें पूर्व पार्षद मुकेश त्यागी से लेकर विपिन चौधरी शामिल हैं। अब कमेटी में 14 लोग बचे हैं। बताया जाता है कि यहां एक जुट संजीव चौधरी का है तो दूसरा गुट विरेंद्र बाबू वर्मा का है।

यहां क्षेत्रीय पार्षद को भी अध्यक्ष घोषित किया गया था, लेकिन दूसरे गुट ने उसे अवैध बताया था। बताते हैं कि डिप्टी रजिस्ट्रार ने पहले गुट के चौधरी अध्यक्ष से तीन नाम देने के लिये कहा था। इन तीन नामों में एक महिला मोर्चा की पूर्व महानगर अध्यक्ष भी हैं। एक जाट चेहरा है और राणा जी का भी नाम है। वहीं दूसरी तरफ से कांग्रेस के यादव नेता हैं, श्रीमान चांदीवाल भी हैं, एक पूर्व नामित पार्षद भी हैं और भगवा मास्टर जी का भी नाम है।

सूत्र बताते हैं कि इस मामले में विधायक जी ने भी सुलह का प्रस्ताव रखा था और कहा था कि शाम तक विवाद समाप्त किया जाए, लेकिन विवाद समाप्त कराने के लिये जब लोग मैदान में पहुंचे तो यहां गेट के ताले खुलने को लेकर विवाद हुआ। मामला पुलिस तक पहुंचा और इसी बीच 23 लोगों को पुलिस ने मुचलके भेजे और रविवार की सुबह उनके घर पर पुलिस पहुंच गई। भाजपा के निवर्तमान नामित पार्षद के घर पुलिस पहुंची और उन्हें मुचलका दिया। इसके बाद पता चला कि मैदान के गेट पर ताले लग गए हैं और ताले खुलने से विवाद शुरू हुआ और सुना है कि काफी हॉट टॉक हो गई।

बताते हैं कि यहां पुलिस ने भाजपाईयों के एक गुट को धमका भी दिया और फिर मामला विधायक जी के जन्मदिन पर पहुंचा और यहां भाजपाई ही अपने मुचलके लेकर पहुंचे थे। वो पूर्व मेयर के पास गए, जहां दो जनप्रतिनिधि और मौजूद थे। सूत्र बताते हैं कि नाराज भाजपाईयों ने ये भी कहा कि जब मुचलके दोनों पक्षों के होने थे तो एक पक्ष के क्यों हुए और कह दिया कि अब चुनाव में बस्ते वो पक्ष लगाएगा जो मुचलकों में पाबंद नहीं हुआ है।

### बिना अध्यक्ष के होगी छह सदस्यों की देखरेख में रामलीला

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। संजयनगर वाली रामलीला का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। रजिस्ट्रार ने आदेश दिया था कि पुरानी कमेटी ही रामलीला कराएगी। पुरानी कमेटी में सात लोग दिवंगत हो चुके हैं और 14 लोग बचे हैं। इसी बीच अध्यक्ष पद को लेकर घमासन मच रहा है। अब बताया जाता है कि संजयनगर की रामलीला तो होगी, लेकिन रामलीला कमेटी का कोई अध्यक्ष नहीं होगा। सूत्र बताते हैं कि अब डिप्टी रजिस्ट्रार के आदेश पर छह सदस्यों की कमेटी रामलीला कराएगी और खास बात ये है कि इस बार रामलीला कमेटी में कोई अध्यक्ष नहीं होगा।

## जब भाजपाई कर रहे थे चिंतन-मनन तो कुछ ऐसा भी हुआ

# भाजपाई ने किया इशारा कूलर की ओर कहा- पुलिस रोक रही है हमारी हवा!

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकार रिपीट हो गई, लेकिन पहली पारी में भी यही बात थी और दूसरी पारी में भी यही सुनने को मिलता है कि अफसर हमारी नहीं सुन रहे हैं। एक सामाजिक कार्यक्रम में जब भाजपाई बैठे तो यहां मौजूदा स्थिति को लेकर चिंतन-मनन शुरू हो गया। अतीत की बातें होने लगी और फ्लैश बैक वाला सीन आ गया कि हम जनता के बीच क्या जाएंगे जब अफसर हमारी नहीं सुन रहे। गाजीपुर में पुलिस की पिटाई से मारे गए कार्यकर्ता का जिक्र हुआ और पुरानी यादें साझा होने लगी। यहां इस चिंतन के नजारे में वरिष्ठ नेता पृथ्वी सिंह भी थे, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही भी थे, यहां पप्पू पहलवान भी थे और सीन में एंटी पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी की भी हो गई अफसर नहीं सुनने वाली बात के बीच जिक्र उस चाय का भी हो गया जिसमें वरिष्ठों की इच्छा सीएम के साथ बात करने की थी और डीएम ने चाय पिलाकर भेज दिया। इस मामले में वरिष्ठों ने डीएम को चाय का बिल भी भेज दिया था। चर्चा चलती रही और कहानी में मोड़ हवा से आया।



चर्चा में शामिल भाजपाई ने सबको सामने लगा कूलर दिखाया और बताया कि क्या आप जानते हो कि इस कूलर की हवा हम तक क्यों नहीं आ रही है। इस बात को भाजपाई ही समझ नहीं सके। इसके बाद वरिष्ठ भाजपाई ने कूलर के सामने खड़े सिपाही को इंगित किया और बताया कि हम भाजपाई की हवा ये सिपाही रोक रहा है। ये आधा कूलर घेरे खड़ा है। इसके बाद वरिष्ठ नेता ने इशारों में एक बात कही और कहा कि अब आप समझ गए होंगे कि किस वजह से आप तक हवा नहीं पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि आपको पता होना चाहिए कि ये जो सामने पुलिस है उसकी वजह से हवा रुक रही है। अब हवा के माध्यम से पुलिस को लेकर जो कहना था वो वरिष्ठ भाजपाई ने कह दिया। इसके बाद वहां से नेताओं ने वदीर्धारी को कूलर के सामने से हटाया तब जाकर ठंडी हवा का झोंका भाजपाईयों तक आया। हवा का मतलब और पुलिस की रुकावकट को वरिष्ठ भाजपाई ने बड़े ही बेहतरीन ढंग से समझाया।

# पुलिस कमिश्नरेट में 25 को फिर जिला बदर करने का आदेश

## अब तक सौ अपराधियों को किया जा चुका है गुंडा एक्ट में निरुद्ध



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वर्ष 2025 में अब तक अलग-अलग थानाक्षेत्रों से 100 ऐसे अपराधी हैं, जिन पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जिला बदर किया गया है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 25 अन्य अपराधियों को जिला बदर करने का फरमान सुनाया गया है। आने वाले कुछ दिनों में इन्हें कमिश्नरेट गाजियाबाद की सीमाओं से 6 महीने के लिए बाहर भेजा जाएगा। कमिश्नरेट वाले सिस्टम में आने वाले त्यौहारी सीजन और अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की गई है। उधर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा है कि अपराध नियंत्रण को लेकर उनकी जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी।

### इन 25 को किया गया है जिला बदर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट में थाना सिहानी गेट के लक्की, लोनी के मौसम, नंदग्राम के रज्जू, शालीमार गार्डन के सचिन, नंदग्राम के राकेश रावत, ट्रॉनिका सिटी के सुमित उर्फ भल्ला, नंदग्राम के अभिषेक उर्फ लैपर्ड, अंकुर विहार के जुबेर उर्फ अंबर, लोनी के दुर्गेश उर्फ शुभम, इंदिरापुरम के घनश्याम, अक्षय राघव उर्फ अंकुश, सुमित शर्मा, कौशांबी के राजकुमार, ट्रॉनिका सिटी के फैसल, मसूरी के इफ्तार, विजयनगर के हिमांशु ,मोदीनगर इमरान, इंदिरापुरम के अमित रूप, साजन, रिंकू सलमान मुस्तफा उर्फ भोली भोजपुर, मोदीनगर से सिवान नेहरा, ट्रॉनिका सिटी से लेफ्टी उर्फ विशाल, नंदग्राम से सत्य प्रकाश, टीलामोड से नवीन का नाम शामिल हैं। जिन्हें सभी को छह महीने के लिए जिला बदर किया गया है।




# उल्टा पड़ गया खाकी वालों को सैल्यूट, पुलिसकर्मी की पत्नी के साथ हो गई लूट

## - घंटाघर कंपनी बाग के पास का मामला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक पुलिसकर्मी की पत्नी के साथ क्राइम होने का मामला सामने आया है। शहर के घंटाघर कोतवाली थानाक्षेत्र से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जहां थाना सिहानी गेट में तैनात पुलिसकर्मी सुरेशपाल की पत्नी टप्पेबाजों का शिकार बन गई। घटना में बदमाशों ने उनको ठगा और मौके से फरार हो गए। घटना रविवार को कंपनी बाग पार्क के पास बाजार क्षेत्र में हुई। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच का दावा कर रही है।




### बेहोश पर कुंडल ठग ले गए बदमाश

करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता पुष्पा, जो सिहानी गेट थाने में तैनात पुलिसकर्मी सुरेशपाल सिंह की पत्नी हैं, अपनी बेटी के साथ बाजार आई थीं। इसी दौरान एक महिला और दो पुरुष उनके पास पहुंचे और बहाने से उन्हें झांसा दिया। आरोपियों ने कहा कि वह अपने सोने के कुंडल उतारकर रुमाल में रख लें। महिला उनकी बातों में आ गई, लेकिन जैसे ही उसने कुंडल रुमाल में रखे, टप्पेबाज मौके से फरार हो गए। होश आने पर पीड़िता ने देखा कि उसके कुंडल गायब हो चुके थे। घटना की सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संडे बाजार में मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है।



### संडे बाजार में लगातार होती हैं चोरी, झपटमारी और ठगी की वारदात

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कोतवाली इलाके में लगने वाले संडे बाजार को लेकर पहले भी कई बार टकराव वाली स्थिति रही है। स्थानीय लोग और दुकानदार कहते हैं कि यहां इस तरीके के लोग एक्टिव रहते हैं, जो वारदात करते हैं लेकिन इस बार मामला खाकी से जुड़ा हुआ है। अब देखना होगा पुलिस के अधिकारी इस मामले को लेकर क्या एक्शन लेंगे और क्या कार्रवाई आने वाले दिनों में देखने को मिलती है। वहीं पुलिस की ओर से इस मामले में मुकदमा कैसे दर्ज किया जाता है।

# कुछ इस तरह से छू ली विधायक संजीव शर्मा ने लोकप्रियता की ये ऊंचाई

## बर्थ-डे पर भाजपा कार्यकर्ता छोड़ो, आम जनता ने घरों से निकलकर दी उन्हें जन्मदिन की बधाई



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में कुछ लीडर ऐसे होते हैं जो दलों के नहीं दिल के नेता बन जाते हैं। वो ऐसे लीडर बनते हैं जो जनता के नेता होते हैं, वो जनता के दिलों में बसते हैं और जनता उन्हें दल का नहीं बल्कि अपना नेता मानती है। जनता किसे चाहती है ये तो वोट की संख्या बतती है, लेकिन जनता किसे नेता के रूप में प्यार करती है ये पब्लिक का सपोर्ट बताता है। भाजपा की युवा मोर्चा से अपनी राजनीति की शुरूआत करने वाले संजीव शर्मा ने लगातार दो बार महानगर अध्यक्ष वाली पारी खेली, इसके बाद उन्हें पार्टी ने उपचुनाव में टिकट दिया और यहां वो शहर सीट से चुनाव जीतकर विधायक बनें।

महानगर अध्यक्ष से लेकर विधायकी के सफर तक संजीव शर्मा ने लोकप्रियता का एक गदर पैदा किया है। एक ऐसे नेता के रूप में खुद को जनता के बीच स्थापित कर लिया है जिसे जनता अपना नेता मानती है। संजीव शर्मा का जन्मदिन था और एक बार फिर जन्मदिन के सैलिब्रेशन ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये। ऐसा लग रहा था कि जैसे जन्मदिन पर जनता उन्हें ये संदेश देना चाहती है कि तुम चिंता मत करो, तुम ही हमारी राजनीति का फेस हो और हम तुम्हारा बेस हैं। जनप्रतिनिधि का जन्मदिन होता है तो आमतौर पर पार्टी के कार्यकर्ता आते हैं, पार्टी के नेता आते हैं, लेकिन यहां नजारा दूसरा था। ये नजारा बता रहा था कि शहर विधायक संजीव शर्मा ने टीआरपी की नई ऊंचाई छू ली है। जन्मदिन की बधाई देने के लिये एक भीड़ पहुंची थी और ये वो भीड़ थी जिसमें कोई मंडल अध्यक्ष नहीं था, कोई बूथ अध्यक्ष नहीं था, कोई पदाधिकारी नहीं था। इसमें वो चेहरे थे जिन्हें जनता कहा जाता है, जिन्हे पब्लिक कहा जाता है। ये वो वर्ग है जो आमतौर से घर से नहीं निकलता और अगर ये किसी नेता के लिये घर से निकलता है तो फिर उसकी राजनीतिक ऊंचाईयों को फलक कर देता है। जनता घरों से निकली और अपने विधायक को जन्मदिन की बधाई दे रही है।





जाहिर है कि यहां सरकार का फैक्टर नहीं बल्कि व्यवहार का फैक्टर दिखाई दे रहा था। ये वो लोग थे जिन्हें दल से नहीं दिल से मतलब होता है। ये पब्लिक थी और इसकी बॉडी लैंग्वेज बता रही थी कि ये अपने नेता के प्यार में यहां आए हैं। क्योंकि इनके प्रिय विधायक ने इनके काम कराए हैं और अपने व्यवहार से अपना दिल जीत लिया है।

### चेहरे पर आई थकान, लेकिन कम नहीं हुई मुस्कान

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। संजीव शर्मा को अब तक का सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष कहा जाता है। उन्हें विधानसभा में भी उतना ही प्यार मिला है और रविवार को उनके जन्मदिन पर टीआरपी के रिकॉर्ड टूटते नजर आए। अध्यक्ष से ज्यादा विधायक कार्यकाल में दिखी। गर्मजोशी के साथ सभी मौजूद थे और सबसे बड़ी बात ये थी कि यहां संजीव शर्मा भी उसी अंदाज में थे। उन्होंने साबित कर दिया कि उन्हें भगवा कमांडर ऐसे ही नहीं कहा जाता है। एक भीड़ का सैलाब और खड़े-खड़े महसूस होती थकान, मगर कमाल का जज्बा की वो कई बार बैठे, चेहरे पर थकान भी थी, लेकिन मुस्कान वही बरकार रही। जन्मदिन पर एक मेला और रैला बता रहा था कि आने वाली राजनीति का किंग कौन है। हजारों लोग पहुंचे और यहां दिखाई दे रहा था कि राजनीति में संजीव शर्मा ने क्या कमाया है। एक जनसैलाब जो अपने नेता को सिर्फ हैप्पी बर्थ-डे कहने के लिये आया है।





### बाहरी सर्वे में सब पर भारी पड़ेंगे टीआरपी किंग संजीव

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इन दिनों पार्टी बाहरी सर्वे करा रही है। सर्वे में नेता की जनता के बीच इमेज और उसकी कनेक्टिविटी भी नोट की जाती है। जन्मदिन की भीड़ और जन्मदिन पर समर्थकों का ये उत्साह बता रहा था कि बाहरी सर्वे में संजीव शर्मा सब पर भारी पड़ेंगे। वो सियासी टीआरपी के नए बादशाह होकर उभरे हैं। अपने व्यवहार से उन्होंने एक अलग ही तिलिस्म खड़ा किया है। भाजपा के कार्यकर्ता पहुंचे और भाजपा के जनप्रतिनिधि पहुंचे। सांसद अतुल गर्ग पहुंचे, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पहुंचे, मेयर सुनीता दयाल पहुंची और यहां पर भगवा कमांडर की टीम ने भी पूरी कमान संभाल रखी थी। पप्पू पहलवान हमेशा की तरह अपने प्रिय दोस्त के लिये मुस्तैद थे। राजनीति में टीआरपी को नोटिस किया जाता है। इस भीड़ को नोटिस किया जाता है और ये मानना होगा कि संजीव शर्मा ने अब राजनीति में अपने सामने टिकट मांग रहे दावेदारों के सामने एक बड़ी लाइन खींच दी है। ये भीड़ बता रही है कि संजीव शर्मा के टीआरपी के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।





### इसलिये नहीं काटा बर्थ-डे का केक

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर विधायक संजीव शर्मा का जन्मदिन और बर्थ-डे का सैलीब्रेशन केक के बिना कहां पूरा होता है, लेकिन ये ऐस बर्थ-डे था जिसमें बधाई थी, भोजन था, पटके थे, शॉल थीं, लेकिन केक नहीं था। बर्ड-डे के केक की दूरी का राज भी पता चला और ये पता चला कि शहर विधायक ने अपने जन्मदिन पर केक क्यों नहीं काटा। दरअसल शहर विधायक संजीव शर्मा की बिटिया का स्वास्थ्य ठीक नहीं है और वो उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती है वहीं उनके बेटे को भी फीवर है। इसलिये संजीव शर्मा ने घर से ही ये निर्णय ले लिया था कि इस बार बर्थ-डे पर केक नहीं काटूंगा।

## संपादकीय

# जीत के बाद वाले बुलबुले

सी. पी. राधाकृष्णन बहुमत से उपराष्ट्रपति चुने गए। भाजपा और उसके लोग इस बात का ढोल पीटने लगे हैं कि यह कितनी बड़ी जीत है। एक ओर, एनडीए के पास पहले से ही चालीस का बहुमत था और चूंकि उनके पास असीमित सत्ता और धन था इसलिए उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव में इसका इस्तेमाल किया। सभी विपक्षी दलों के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को ३०० वोट मिले। विपक्षी दलों के पास कुल ३१५ वोट थे। १५ वोट अवैध घोषित किए गए। इनमें से अधिकांश वोट सुदर्शन रेड्डी के पक्ष में जाने वाले थे, लेकिन तकनीकी त्रुटियां बताकर वोट रद्द कर दिए गए। यानी, यह संदेह है कि ज्यादा से ज्यादा दो से पांच वोट इधर-उधर हो गए होंगे। ऐसे बड़े चुनावों में हमेशा ऐसा होता रहा है। बीजू जनता दल, भारत राष्ट्र समिति आदि दलों ने जांच एजेंसियों के डर से हमेशा की तरह अपनी मिट्टी पलीद की और वोट देने के बजाय तटस्थता का रास्ता अपनाया। यह संविधान के खिलाफ है। राधाकृष्णन की जीत के बाद महाराष्ट्र में भाजपा के भाड़े के टट्टुओं ने क्रॉस वोटिंग की बात करनी शुरू कर दी है। कहते हैं कि महाराष्ट्र के अलाणे-फलाणे सांसदों ने क्रॉस वोटिंग की। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हमेशा की तरह राधाकृष्णन की जीत का श्रेय लिया। उन्होंने टिप्पणी की कि महाविकास आघाड़ी अपने ही वोटों को बरकरार नहीं रख पाई, वगैरह। शिंदे गुट के लोगों का कहना है कि महाविकास आघाड़ी में फूट डालकर हमने सांसदों के वोट राधाकृष्णन की तरफ मोड़ दिए। अगर इन लोगों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने यानी उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में इस तरह से हॉर्स ट्रेडिंग की है, तो क्या भारत का चुनाव आयोग खर्राटे भर रहा है? चुनाव आयोग उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में भी गंभीरता से काम नहीं करता। यहां भी वोट चोरी का खेल होने दिया जा रहा है। अगर मान लिया जाए कि ऐसा सचमुच हुआ है तो संघ के उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति पद पर चुनाव वोट चोरी के जरिए हुआ है। इसके लिए काले धन, ब्लैकमेलिंग और धमकियों का इस्तेमाल किया गया। भाजपा जो ग्राम पंचायत, जिला परिषद और विधानसभा चुनावों में करती है, वही उसने उपराष्ट्रपति चुनाव में भी किया। देश के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस्तीफे के बाद गायब हो गए। नए उपराष्ट्रपति चुने जाने के बावजूद, श्रीमान धनखड़ प्रकट नहीं हुए हैं। एनडीए में कोई भी इस गंभीर मुद्दे पर अपना मुंह खोलने को तैयार नहीं है। कम से कम नवनियुक्त उपराष्ट्रपति को इस अदृश्य मसले पर प्रकाश डालना चाहिए। उपराष्ट्रपति का पद संवैधानिक प्रतिष्ठा का पद है इसलिए इसकी प्रतिष्ठा बनी रहनी चाहिए, लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा सी.पी. राधाकृष्णन की जीत का ढोल पीट रही है। वोटों की जीत का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। वोटों के विजयी आंकड़े नचाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इसे तोड़ा गया, उसे तोड़ा गया। यह सब उस पद की गरिमा को कम कर रहा है। जब मतदान पूरी तरह से गुप्त होता है।

# छह करोड़ से ज्यादा ITR दाखिल

## आज आखिरी तारीख, ग्रोक से 500 लोगों को निकालेंगे मस्क



**नई दिल्ली।** आयकर निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए अब तक छह करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 सितंबर है। विभाग ने अपील की है कि अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए समय रहते ही अपना आयकर रिटर्न दाखिल कर लें। विभाग का हेल्पडेस्क चौबीसों घंटे काम कर रहा है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ से अगस्त में भारत के घरेलू वित्तीय स्थिति पर असर पड़ा। इससे शेयर बाजारों को सबसे अधिक झटका लगा है। क्रेडिट रेटिंग इन्फॉर्मेशन सर्विसेज ऑफ इंडिया लि. (क्रिसिल) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत का वित्तीय स्थिति सूचकांक (एफसीआई) जुलाई के माइनस 0.4 से घटकर अगस्त में माइनस 0.5 हो गया है। एफसीआई एक मासिक संकेतक है जो मुद्रा, ऋण, इक्विटी और विदेशी मुद्रा बाजारों के मापदंडों को जोड़ता है।

कम एफसीआई यह बताता है कि वित्तीय स्थितियां पिछले महीने की तुलना में ज्यादा कड़ी थी। वहीं नकारात्मक मूल्य का अर्थ है कि यह दीर्घावधि औसत (अप्रैल 2010 से मापा गया) से ज्यादा कड़ी थी। इस मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद भारत का एफसीआई मानक विचलन के बेहतर दायरे में बना हुआ है।

### एफपीआई की लगातार निकासी और टैरिफ के असर से चिंता

रेटिंग एजेंसी के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) से शुद्ध निकासी लगातार तीसरे महीने जारी रही। एफपीआई की लगातार निकासी और टैरिफ के प्रभाव को लेकर चिंता के कारण इक्विटी बाजारों के प्रदर्शन में गिरावट आई और बेंचमार्क सूचकांकों में महीने-दर-महीने आधार पर 2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। एफपीआई की निकासी से रुपये पर भी दबाव बढ़ा है, जो अगस्त में डॉलर के मुकाबले 87.8 के सर्वकालिक निम्नतम स्तर पर पहुंच गया है और मासिक आधार पर 1.6 प्रतिशत कमजोर हुआ है।

### इक्विटी में शुद्ध निकासी अगस्त में बढ़ी

रिपोर्ट के अनुसार, इक्विटी में शुद्ध निकासी बढ़कर 4 अरब अमेरिकी डॉलर हो गई (जुलाई में 2.1 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में), जो जनवरी के बाद से सबसे अधिक है। एफपीआई ने ऋण बाजार में 0.9 अरब डॉलर की तुलना में 1.5 अरब डॉलर का शुद्ध निवेश किया, जो पांच महीने का उच्च स्तर है। यह अमेरिकी यील्ड में नरमी और कच्चे तेल की कीमतों के कारण हुआ। अगस्त में 10 साल के अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में 13 आधार अंक (बीपीएस) की गिरावट आई और यह औसतन 4.26 प्रतिशत पर आ गया।

# अयोग्य 97 लाख वाहनों को कबाड़ में बदलने से मिलेगा 40,000 करोड़ रुपये जीएसटी: गडकरी

**नई दिल्ली।** गडकरी ने ऊर्जा सुरक्षा एवं ईंधन आयात पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि भारत हर साल 22 लाख करोड़ रुपये के पेट्रोल-डीजल ईंधन का आयात करता है और कृषि से एथनॉल उत्पादन बढ़ाकर आयात पर निर्भरता कम की जा सकती है।



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि यदि देश में सभी 97 लाख अयोग्य एवं प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को कबाड़ में तब्दील कर दिया जाए तो केंद्र और राज्यों को जीएसटी के रूप में 40,000 करोड़ रुपये तक का लाभ होगा। उन्होंने बताया कि अगस्त महीने तक तीन लाख वाहन कबाड़ घोषित किए जा चुके हैं जिनमें 1.41 लाख सरकारी वाहन भी शामिल हैं। गडकरी ने वाहन कलपुर्जा विनिमार्ताओं के निकाय एक्मा के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हमारे अनुमान के मुताबिक करीब 97 लाख वाहनों को कबाड़ में बदलने की जरूरत है। ऐसा होने पर 70 लाख नौकरियां पैदा होंगी और केंद्र एवं राज्यों को जीएसटी राजस्व के तौर पर करीब 40,000 करोड़ रुपये मिलेंगे। उन्होंने निजी क्षेत्र से आग्रह किया कि वाहन को कबाड़ में देने यानी स्क्रैप का प्रमाणपत्र जमा करने वाले ग्राहकों को नए वाहन खरीदते समय कम से कम पांच प्रतिशत की छूट दें। गडकरी ने कहा कि वर्तमान में हर महीने औसतन 16,830 वाहन स्क्रैप हो रहे हैं और निजी क्षेत्र ने इस क्षेत्र में 2,700 करोड़ रुपये का निवेश किया है। सरकार ने पर्यावरण-अनुकूल तरीके से चलने के अयोग्य हो चुके एवं प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को चरणबद्ध ढंग से हटाने के लिए स्वैच्छिक वाहन बेड़ा आधुनिकीकरण कार्यक्रम लागू किया हुआ

# सरकार ने एसी और एलईडी लाइटों के लिए पीएलआई योजना की अवधि बढ़ाई

## अब 14 अक्तूबर तक कर सकेंगे आवेदन

**नई दिल्ली।** सरकार ने एसी और एलईडी लाइटों के लिए पीएलआई योजना के लिए आवेदन विंडो 30 दिनों के लिए फिर से खोल दी है। यह विंडो अब 15 सितंबर से 14 अक्टूबर तक खुली रहेगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा, 'सफेद चीजों के लिए पीएल आई (उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन) योजना के तहत आवेदन विंडो फिर से खोली जा रही है। उद्योगों के अधिक निवेश करने की इच्छा के आधार पर यह फैसला किया गया है। यह योजना वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2028-29 तक सात वर्षों की अवधि में क्रियान्वित की जाएगी और इसका कुल खर्च 6,238 करोड़ रुपये है। एलईडी और एसी के क्षेत्र में पीएलआई योजना का यह चौथा चरण है।



### क्या है पीएलआई योजना

PLI स्कीम या प्रॉडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन) भारत सरकार की एक पहल है। जिसका मकसद विभिन्न क्षेत्रों में घरेलू मैन्युफेक्चरिंग (विनिर्माण) को बढ़ावा देना और विदेशी निवेश को आकर्षित करना है। इस योजना को पहली बार 2020 में पेश किया गया था और यह उन कंपनियों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है जो भारत में निवेश करती हैं और विशिष्ट उत्पादन और राजस्व लक्ष्य हासिल करती हैं।

### दो वर्षों तक मिलेगा योजना का लाभ

सरकार ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि आवेदन विंडो बंद होने के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदक अधिकतम दो वर्षों के लिए पीएलआई योजना के लिए पात्र होंगे। अब तक, पीएलआई योजना के तहत 10,406 करोड़ रुपये के निवेश वाले 83 आवेदकों को चुना गया है। बयान में कहा गया है कि इस निवेश से एयर कंडीशनर और एलईडी लाइटों के घटकों का निर्माण होगा, जिसमें वे घटक भी शामिल हैं जिनका फिलहाल भारत में पर्याप्त मात्रा में निर्माण नहीं होता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 7 अप्रैल, 2021 को इस योजना को मंजूरी दी थी।

# ट्रंप ने नाटो देशों से चीन पर 50-100 प्रतिशत शुल्क लगाने को कहा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि नाटो देशों को यूक्रेन संघर्ष खत्म करने में मदद के लिए चीन पर 50 से 100 प्रतिशत शुल्क लगाना चाहिए और रूस से तेल खरीदना बंद कर देना चाहिए। इससे एक दिन पहले अमेरिका ने जी-7 देशों से रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शुल्क लगाने का अनुरोध किया था। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि वह रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं, बशर्ते सभी नाटो देश सहमत हो जाएं और ऐसा ही करना शुरू कर दें तथा मास्को से तेल खरीदना बंद कर दें।



अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जीत के लिए नाटो की प्रतिबद्धता 100 प्रतिशत से बहुत कम रही है, और कुछ लोगों द्वारा रूसी तेल की खरीद चौंकाने वाली है। उन्होंने कहा, यह रूस के साथ आपकी बातचीत की स्थिति और सौदेबाजी की शक्ति को बहुत कमजोर करता है। ट्रंप ने कहा कि जब नाटो देश सहमत होंगे, तो वह आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने से इस घातक, लेकिन हास्यास्पद युद्ध को खत्म करने में बहुत मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, चीन का रूस पर मजबूत नियंत्रण और पकड़ है, और ये शक्तिशाली शुल्क उस पकड़ को तोड़ देंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि यूक्रेन युद्ध उनका संघर्ष नहीं है और अगर वह राष्ट्रपति होते तो यह संघर्ष कभी शुरू ही नहीं होता।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है!
- जो देश दूध पीते हैं, वह स्मार्ट हैं और नोबेल पुरस्कार जीतने में ज्यादा सक्षम हैं!
- दूध प्रोटीन का प्रयोग लेटेक्स के निर्माण में किया जाता है, जिसका अर्थ है कि ज्यादातर कंडोम में दूध प्रोटीन होता है।
- कनाडा में, गाय को कृत्रिम हार्मोन से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए देने के लिए अवैध है।
- दुनिया भर में 65% दूध की खपत बकरी के दूध की है!
- केसी नेगी भारत के ऐसे वित्त मंत्री थे, जिन्होंने बजट पेश नहीं किया था, वे केवल 35 दिनों तक वित्त मंत्री रहे।
- ऐतिहासिक रूप से, दूध को चाय में जोड़ा जाता है और यह धन का चिन्ह था जब किसी ने बाद में दूध को चाय में जोड़ा, कम गुणवत्ता वाले चीनी मिट्टी के बरतन में चाय डालना कप को तोड़ देगा!
- मसालेदार भोजन खाने के बाद दूध मुंह को ठंडा करने के लिए बेहतर होता है। (दूध के उत्पादों में कैसिइन होता है, एक प्रोटीन जो स्वाद की कोंपल को जलाने से साफ करता है।)
- शीर्ष दूध पीने वाला देश फिनलैंड में लगभग 95 गैलन दूध / व्यक्ति / वर्ष है। शीर्ष 5 देश दूध पीने के मामले में सबसे ऊपर हैं, फिनलैंड (361.1 9 किलो), स्वीडन (355.86 किलो), नीदरलैंड (320.15 किलो), स्विट्जरलैंड (315 किलो) और ग्रीस (314.6 9 किलो) हैं।

## राशिफल

**मेष:** शारीरिक कष्ट संभव है। अनहोनी की आशंका रहेगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृष:** परीक्षा, प्रतियोगिता व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें।

**मिथुन:** पुराना रोग उभर सकता है। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। किसी व्यक्ति विशेष से विवाद हो सकता है। मान घटेगा।

**कर्क:** यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया लेनदारी वसूल होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

**सिंह:** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए कार्य मिल सकते हैं। सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। मान-सम्मान प्राप्त होगा।

**कन्या:** दुष्टजनों से दूर बनाएं। धार्मिक कार्य, पूजा-पाठ-दान इत्यादि में खर्च होगा। कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में रुके कार्य मनोनुकूल रहेंगे।

**तुला:** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें।

**वृश्चिक:** शत्रु नतमस्तक होंगे। आराम का वक्त प्राप्त होगा। चैन की सांस ले पाएंगे। थकान व कमजोरी रह सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें।

**धनु:** प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। अज्ञात भय रहेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मकर:** विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य में सफलता प्राप्त करेगा। अध्ययन संबंधी बाधा दूर होगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**कुंभ:** पुराना रोग उभर सकता है। बेवजह विवाद की स्थिति निर्मित होगी। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। भागदौड़ अधिक होगी।

**मीन:** थोड़े प्रयास से काम बनेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान-सम्मान प्राप्त होगा।

## चुटकुले

पप्पू: असली सुख क्या है?
फेकू: सर्दियों में आलू के पराठे हरी चटनी के साथ खाकर, धूप में मगरमच्छ की तरह पड़े रहने में जो सुख है, उसे ही असली सुख कहा गया है!

पत्नी: सुनो जी, मैं कितनी सुंदर लग रही हूँ?
पति: इतना कि मुझे तो WhatsApp DP ही बदलनी पड़ेगी!

दोस्त: भाई, तेरे पास प्लान क्या है?
गोलू: खाना, सोना और फिर से खाना!
दोस्त: वाह, ज़िंदगी भी Unlimited Plan पर है!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# गाजियाबाद में रालोद की समीक्षा बैठक आयोजित

## सदस्यता अभियान पर दिया गया जोर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के जिला कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की। बैठक में जिला प्रभारी ओमबीर सिंह, डॉ. विक्रांत जावला और अशोक चौधरी भी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करना और पार्टी के सदस्यता अभियान को गति देना था। प्रभारियों ने बताया कि रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें, क्योंकि जयंत चौधरी पूरी ईमानदारी से देश की उन्नति के लिए कार्य कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने सभी जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से सदस्यता अभियान चलाएं और सभी पार्टी कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि जो कार्यकर्ता पार्टी के लिए कार्य नहीं करेगा, उसकी सूची बनाकर शीर्ष नेतृत्व को भेजी जाएगी।

कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष विनोद गौतम ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें जयदीप सिंह, महिला अध्यक्ष सुमन चौधरी, नरेंद्र कुमार, अभय बालियान, अजित सिंह और विभिन्न विधानसभाओं के अध्यक्ष शामिल थे। बैठक के दौरान कई नए लोगों ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की।

# शिवालिक अपार्टमेंट में कचरा प्रबंधन की नई पहल

## 'एरोबिन' से गीले कचरे का होगा निपटान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन ने स्वर्णलता मथरसन ट्रस्ट के सहयोग से शिवालिक अपार्टमेंट, कौशांबी में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इस पहल के तहत, शिवालिक अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए के सहयोग से सोसाइटी में तीन पेटेंटेड 'एरोबिन' स्थापित किए गए हैं। इन आधुनिक कम्पोस्टर का उद्घाटन भाजपा नेता और पूर्व डॉ. मनोज गोयल ने किया।

ये एरोबिन सोसाइटी में उत्पन्न होने वाले गीले कचरे का मौके पर ही निस्तारण करेंगे और उसे जैविक खाद में बदलेंगे, जिसका उपयोग हरे-भरे क्षेत्रों के लिए किया जा सकेगा। यह पहल लैंडफिल पर कचरे के बोझ को कम करने में मदद करती है और यह एक गंध-रहित, रसायन-रहित और बिजली-रहित प्रक्रिया है, जो शून्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन सुनिश्चित करती है।

डॉ. मनोज गोयल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम है। कार्यक्रम के दौरान, मनीषा और उनकी टीम ने एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसमें कचरे के सही उपयोग और उसे कूड़ेदान में डालने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई गई।

इस अवसर पर, शिवालिक अपार्टमेंट की अध्यक्ष लता सिंगल, उपाध्यक्ष ललित गुप्ता, सचिव शिवराम गीता महेश्वरी, राजेश मल्होत्रा, अर्चना शर्मा, दीपक गुलाटी, अंजू झा, एन.के. खुराना, सौरभ आनंद मलकानी, गुरुनामी और कैलाश टावर से केवल सेठी और संजय माहेश्वरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भारत-पाक मैच के विरोध में परमार्थ सेवा ट्रस्ट ने फूंका पाकिस्तान का पुतला





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुबई में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैच को लेकर पूरे देश में आक्रोश है। इसी कड़ी में, परमार्थ सेवा ट्रस्ट ने रविवार को महाराजा अग्रसेन वाटिका चौराहे पर पाकिस्तान का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान, ट्रस्ट के सदस्यों ने मैच के बहिष्कार के नारे भी लगाए। ट्रस्ट के अध्यक्ष वी.के. अग्रवाल ने इस फैसले को 'बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण' बताते हुए कहा कि यह मैच नहीं होना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'हम मैच को न तो देखेंगे और न ही किसी को देखने देंगे। हम इसका पूरी तरह बहिष्कार करते हैं।' उन्होंने अपने विरोध का कारण बताते हुए कहा कि जिस पाकिस्तान के आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को 26 निर्दोष भारतीय हिंदू सैलानियों को मौत के घाट उतार दिया, ऐसे खूनी पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह के संबंध नहीं होने चाहिए। उन्होंने सरकार से ऐसे सभी संबंधों को समाप्त करने की अपील की। इस विरोध प्रदर्शन में प्रदीप गुप्ता, गौरव गुप्ता, गौरव अग्रवाल, हेमंत कंसल, अजय अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, लोकेश सिंघल, संजय अग्रवाल, श्यामसुंदर गुप्ता, डी.डी. गर्ग, डी.के. मित्तल, वी.के. सिंगला, स्नेह लता सिंगल और चंदन सिलवानी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# इंदिरापुरम के पारसनाथ जैन मंदिर में क्षमावाणी पर्व का हुआ समापन

## मन की कलुषता धोने और संबंधों को जोड़ने का पर्व : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के नीति खंड स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को क्षमावाणी पर्व का समापन धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में आयोजित सामूहिक क्षमायाचना एवं पुरस्कार वितरण समारोह में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने त्यागी जनों को शॉल एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, 'क्षमावाणी का पर्व मन की कलुषता को धोने और संबंधों को जोड़ने का पर्व है। क्षमा मांगने से व्यक्ति छोटा नहीं होता, बल्कि बड़ा बनता है। आत्मा का स्वभाव क्षमा है और क्रोध उसका शत्रु। इसलिए हर प्राणी के प्रति दया और मैत्री भाव रखना चाहिए।'

इस अवसर पर पार्षद प्रीति जैन ने समाज के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया। महिला मंडल, महिला जैन मिलन, बहू चेतना मंच, और मंदिर में संचालित निशुल्क पाठशाला के बच्चों व महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें जैन धर्म की शिक्षा और संस्कार की झलक दिखी।

इस क्षमावाणी कार्यक्रम में कवि नगर, अहिंसा खंड, नोएडा सेक्टर 27, आदित्य वर्ल्ड सिटी सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष अभिनव जैन, महामंत्री अनुराग जैन, कोषाध्यक्ष संजय जैन, और उपाध्यक्ष विवेक जैन समेत सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर पार्षद राधेश्याम त्यागी, अनुज त्यागी, नरेश भाटी, राजकुमार भाटी, और गौरव सोलंकी सहित कई विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे।

# जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

## पुलिस कार्रवाई में जुटी



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी पुलिस ने जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार किया है। अपराधी की पहचान सिकरानी गांव के रहने वाले अंकित मावी (पुत्र रमेश) के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

**क्या है मामला? :** एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिए प्रशासन और न्यायालय के आदेशानुसार 22 मई को अंकित मावी को उत्तर प्रदेश गुंडा अधिनियम के तहत जिला बदर घोषित किया गया था। इस आदेश के बारे में 23 मई को पुलिस ने मुनादी करके भी उसे सूचित कर दिया था। इसके बावजूद, वह जिले की सीमा से बाहर जाने की बजाय लोनी इलाके में ही घूम रहा था।

**कैसे हुई गिरफ्तारी? :** रविवार की सुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अंकित मावी चिरौड़ी-बंथला मार्ग पर सिकरानी कट के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अंकित ने बताया कि वह छिपते-छिपाते अपने गांव आया था और उसके बाद किसी रिश्तेदार के घर जा रहा था। पुलिस अब उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# धूमधाम से मनाया गया श्यामा श्याम छठी बधाई महोत्सव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री रामायण भवन हरि संकीर्तन सभा, गाजियाबाद द्वारा श्यामा श्याम छठी बधाई महोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव में डूबे नजर आए। महोत्सव की विशेष शोभा प्रसिद्ध भजन गायक डॉ. आदित्य शर्मा ने बढ़ाई। उन्होंने राधा-कृष्ण के अनेक भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर उपस्थित भक्तगण भाव-विभोर होकर झूम उठे। संकीर्तन की इस अनुपम छटा ने समस्त वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर विशेष रूप से चौपला हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी ईश्वर पंडित, मंगलवार श्रृंगार सेवा समिति के सदस्य अजय गर्ग, मोहित गर्ग, दीपक अग्रवाल, रविंद्र शर्मा, लोकेश गर्ग, हेमंत गर्ग, सचिन अग्रवाल, सचिन नरूला, दिनेश सिंघल, राहुल गर्ग, केशव अग्रवाल, पवन, ऋषभ, सौरभ सिंह, जितेंद्र पालीवाल, रवि समन्या, जुगनू गौतम, पंकज गर्ग तथा अधीश वत्स सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मोदीनगर तहसील में अंश त्रुटि सुधार एवं विरासत दर्ज कराने के लिए कैम्प शुरू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी गाजियाबाद के निर्देशन में तहसील मोदीनगर में 15 सितम्बर से 14 अक्टूबर 2025 तक अंश त्रुटि सुधार व राजस्व अभिलेखों में नाम सही कराने तथा मृतक खातेदार के स्थान पर विरासत दर्ज कराने के लिए विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कृषक अपने अंश सुधार के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नाम सही कराने हेतु खतौनी की नकल, बैनामा की छायाप्रति आदि साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे, जबकि मृतक खातेदार के स्थान पर विरासत दर्ज कराने के लिए मृत्युप्रमाण पत्र, वारिसों के आधार कार्ड की छायाप्रति एवं खतौनी नकल आवेदन पत्र के साथ देना आवश्यक होगा। यह कैम्प तहसील मोदीनगर के सभागार कक्ष में आयोजित किया जा रहा है और सभी आवेदनों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# चोरों से मिलकर कार चोरी करवाने वाला सिपाही निलंबित

## जांच कर कठोर कार्रवाई के आदेश

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी थाने में तैनात एक कांस्टेबल मनीष को निलंबित कर दिया गया है। उन पर कार चोरों के एक गिरोह की मदद करने का गंभीर आरोप है। यह कार्रवाई पुलिस विभाग की आंतरिक जांच के बाद की गई।

**चोरों के साथ मिलकर करता था काम :** पुलिस उपायुक्त के पीआरओ, मुरादनगर, ने बताया कि कांस्टेबल मनीष पर 'ऑन-डिमांड' ब्रेजा कार चोरी कराने में अहम भूमिका निभाने का आरोप है। आरोप है कि वह कार चोरों के साथ मिलकर काम करता था। हाल ही में चोरी हुई एक ब्रेजा कार मुरादनगर के ऑर्डिनेंस फैक्ट्री परिसर में मिली थी। जब पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी, तब कांस्टेबल मनीष ने चोरों और चोरी की गई कार को बचाने के लिए वहां के पुलिस अधिकारियों के साथ 'सेटिंग' करने का प्रयास किया।

**बागपत पुलिस की कार्रवाई से हुआ खुलासा :** इस बीच, बागपत पुलिस ने जीपीएस ट्रैकर की मदद से 2 सितंबर को चोरी हुई कार और उसके चोरों को चांदीनगर से गिरफ्तार कर लिया। बागपत पुलिस की गहन पूछताछ के दौरान चोरों ने कांस्टेबल मनीष की सारी करतूतों का पदार्फाश कर दिया। उन्होंने बताया कि कांस्टेबल उनके गिरोह का हिस्सा था और चोरी में उनकी मदद करता था।

**तत्काल निलंबन और जांच के आदेश :** चोरों के इस खुलासे के बाद पुलिस के आला अधिकारियों ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया। पुलिस विभाग को शर्मसार करने वाली इस हरकत के लिए कांस्टेबल मनीष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने अधीनस्थ अधिकारियों को इस मामले की विस्तृत जांच करने और दोषी पाए जाने पर कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# भारतीय योग संस्थान ने किया जिला युवा उत्सव का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय योग संस्थान द्वारा आयोजित जिला युवा उत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। राष्ट्रीय प्रधान देशराज ने मार्गदर्शन करते हुए योग के महत्व व उपयोगिता पर प्रकाश डाला। सुधा, सरला, रेणु, रागिनी व साथियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, संगीता बंसल ने ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र करवाया। कार्यकारिणी संगठन मंत्री रेखा जोशी ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया तथा जिला मंत्री शिक्षा चौधरी ने प्राणायाम करवाया। शालिनी, हेम, शारदा, रेणु, शशि, आदर्श और अनीता ने योग भक्ति गीत प्रस्तुत किया। देशराज ने साधना का सर्वोत्तम समय ब्रह्म मुहूर्त बताया और स्वस्थ जीवन के लिए योग को आवश्यक बताया।

कार्यक्रम में विजय लक्ष्मी, हेम, अंजू, सरोज, अलका, रागिनी, सीमा, रंजना, वीणा, शारदा, प्रगति, अनीता, शशि, शालिनी सहित संगठन मंत्री सुरेश गुप्ता, बी.डी. शर्मा, वी.के. अग्रवाल, वी.के. बंसल, शिव कुमार, अनिल आदि का विशेष सहयोग रहा।

देश राज ने 2 अक्टूबर को छत्रसाल स्टेडियम में होने वाले योग उत्सव के लिए सभी को आमंत्रित किया, जिसमें दिल्ली की चीफ मिनिस्टर रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि होंगी और 20 हजार साधक भाग लेंगे। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ व उत्तम प्रसाद-जलपान के साथ हुआ।

# राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

## युवाओं को मिलेगा प्रधानमंत्री से संवाद का अवसर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 1 सितम्बर से 15 अक्टूबर 2025 तक **mybharat.gov.in** पोर्टल पर ऑनलाइन होगी।

यह क्विज विशेष रूप से 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए है, जिसमें 10 मिनट में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हल करने होंगे। प्रतियोगिता निःशुल्क है और देश की 12 प्रमुख भाषाओं में उपलब्ध होगी। प्रत्येक प्रतिभागी को डिजिटल प्रमाणपत्र मिलेगा, जबकि शीर्ष 10,000 विजेताओं को आकर्षक गुडीज व पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले युवाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधे संवाद करने का अवसर भी मिलेगा।

माय भारत/नेहरू युवा केंद्र संगठन के उपनिदेशक देवेंद्र कुमार ने कहा कि यह क्विज केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की सोच और ऊर्जा को भविष्य निर्माण की दिशा में केंद्रित करने का अवसर है। उन्होंने जिले के सभी शिक्षण संस्थानों, कॉलेजों, युवा संगठनों और अभिभावकों से युवाओं को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करने की अपील की। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी **mybharat.gov.in** पर पंजीकरण कर लॉगिन कर सकते हैं और **"Viksit Bharat YounLeaders Dialogue Quiz"** पर क्लिक कर हिस्सा ले सकते हैं।

# ऑटो चालक व उसके पुत्र पर नाबालिग छात्रा पर शादी का दबाव बनाने का आरोप

## रिपोर्ट दर्ज, पुलिस कार्रवाई में जुटी

**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी के ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक ऑटो चालक और उसके बेटे पर एक 12 वर्षीय छात्रा का अपहरण करने और उस पर शादी का दबाव बनाने का आरोप लगा है। यह घटना 9 सितंबर की दोपहर करीब 2 बजे की है। ट्रॉनिका सिटी स्थित एक कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा छुट्टी के बाद ऑटो से अपने घर लोनी जा रही थी। आरोप है कि ऑटो चालक और उसके बेटे ने उसे तय स्थान पर नहीं उतारा, बल्कि उसे घंटों तक ऑटो में घुमाते रहे। इस दौरान, वे लगातार छात्रा पर ऑटो चालक के बेटे से शादी करने का दबाव बनाते रहे। किसी तरह देर शाम छात्रा उनके चंगुल से छूटकर अपने घर पहुंची और उसने अपने परिजनों को पूरी आपबीती बताई। इसके बाद परिजनों ने ट्रॉनिका सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। एसीपी लोनी, सिद्धार्थ गौतम ने इस घटना की पुष्टि की है और बताया कि आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।


## सार्वजनिक सूचना/बेदखली हेतू

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल विनय मोहन केन पुत्र खजान सिंह नि०-ए-33 लोहिया नगर थाना सिहानी गेट जिला गाजियाबाद का विवाह रीता पुत्री कंछिद सिह नि०- ओर्डिनेंस फैक्टरी मुरादनगर जिला गाजियाबाद के साथ दिनाक 10.11.1995 मे हुआ था जिससे उसे एक पुत्र शान्तनु उम्र करीब 28 वर्ष व पुत्री हनिका उम्र करीब 27 वर्ष पैदो हुये। मेरे मुवक्किल व उसकी पत्नी के मध्य विवाद था जिस कारण से माह सितम्बर 2003 से कोई वास्ता ताल्लुक नही रहा तथा दिनांक 05.09.2022 को मेरे मुवक्किल व उसकी पत्नी रीता का तलाक हो गया और मेरे मुवक्किल ने दिनांक 06.05.2023 को पुर्नविवाह कर लिया। मेरे मुवक्किल के पिता खजान सिंह की मृत्यु दिनांक 25.11. 1992 एवं माता विमला देवी की मृत्यु दिनांक 26.06.2024 को हो चुकी है। मेरे मुवक्किल के परिवार मे अन्य कोई सदस्य नही है। मेरे मुवक्किल की पूर्व पत्नी व बच्चे लालच के वशीभूत होकर मेरे मुवक्किल की सम्पत्ति पर लगभग 22 वर्ष बाद नाजायज हक व अधिकार जमाना चाहते है और समाज मे कहते फिर रहे है कि हमारा मेरे मुवक्किल से कोई सम्बन्ध विच्छेद नही हुआ है। यदि इन तीनो से कोई व्यक्ति संबंध रखता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नही होगी। यह नोटिस प्रकाशन कर दिया है।

दिनांक- 10-09-25

नोटिस देहिंदा
श्याम वर्मा एडवोकेट
चैम्बर नं0-38 जनपद
न्यायालय परिसर राजनगर गाजियाबाद
मो0-9810526498

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने 1 करोड़ से अधिक की लागत से विकास कार्यों का किया उद्घाटन





**लोनी, करंट क्राइम।** रविवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नगरपालिका क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 1 करोड़ से अधिक की लागत से कराए गए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान बलराज नगर, दीवान एन्क्लेव और जवाहर नगर में सड़क निर्माण, जल निकासी हेतु नाली निर्माण एवं अन्य कार्यों का लोकार्पण किया गया।

स्थानीय नागरिकों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा से विधायक का स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। उद्घाटन के उपरांत विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि सड़क, नाली, जलनिकासी, शिक्षा, चिकित्सा, कानून और अन्य आधारभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य निरंतर जारी हैं। साथ ही दिल्ली-सहारनपुर मार्ग के सुधार, बेहटा बंद फाटक की निविदाएं और बेहटा नहर मार्ग का कार्य भी शीघ्र गति से आगे बढ़ाने की बात कही।

इस अवसर पर प्रवेश दत्त भारद्वाज, मुकेश शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, भाजपा किमो उपाध्यक्ष पं. ललित शर्मा, पूर्व सभासद बबलू शर्मा, सभासद अंकुश जैन, रूपेंद्र चौधरी, धर्मवती, अभय चौहान, सुमित भारद्वाज, मोहित सैन, वरुण धामा, बिट्टू तोमर, ऋषि हवलदार, भाजपा नेता पवन मावी, ओमी प्रधान, राजपाल प्रधान, सतीश महाशय, प्रमोद जैन, महंत टीटू भगत जी, आदेश मावी, लीलू भगत, रवि पहलवान, रमेश भाटी, राजेन्द्र प्रधान, धनेश्वर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# केंद्रीय खाद्य राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा पहुंचे एचआरआईटी विश्वविद्यालय

## पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने किया स्वागत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत सरकार उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा शनिवार को मेरठ रोड दुहाई स्थित एचआरआईटी विश्वविद्यालय पहुँचे। यहाँ उनका स्वागत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने किया।

मंत्री वर्मा ने डॉ. अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट कर उनके कुशलक्षेम की जानकारी ली। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस मौके पर विश्वविद्यालय की प्रो-चांसलर अंजुल अग्रवाल तथा राहुल गोयल भी उपस्थित रहे।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि बृज वाले एरिया की बैठक पर जब लगाया मैंने बारीकी से ध्यान? तब मैं हो गया एक बात से हैरान? मैंने देखा पार्षद यहां की मंडल वाली बैठकों में नहीं ले रहे हैं इंटरेस्ट? लग रहा है वो अपने भगवा कमिश्नर पर नहीं कर रहे हैं ट्रस्ट? शनिवार की बैठक में मैंने कुछ देखा कुछ ऐसा ही नजारा? भगवागढ़ के पांच पार्षद बना गये दूरी? क्या दिया है उन्होंने कोई किसी के प्रति नाराजगी का कोई इशारा?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि लाजपत वाली भगवा कमिश्नरी से भी आ रही है आवाज? सुना है वहां के आलोक में अभी तक चार भगवा मैम्बर खुद को खाली फील कर रहे हैं साहब? अभी तक उनके पास नहीं पहुंचे हैं एमएलसी चुनाव के फार्म? कहने वाले ने कहा वैसे भी इन मैम्बरों को फार्म भेजकर कौन सा हो जायेगी क्रान्ति? क्योंकि जिन्हें चुनाव लड़ना है जो जनरली कहीं से अटैच हैं? इन चारों मैम्बरों का किसी और से दिल वाला मैच है? इसलिए इन्हें फार्म देकर भी नहीं होना है कोई काम? इसलिए मंडल वालों ने इनको दिया हुआ है आराम?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि संगठन में पूरी सुशीलता से मिस्टर गौतम रखते हैं अपनी पहचान? सुना हैं इस बार वो प्रदेश या क्षेत्र वाली टीम में पाना चाहते थे स्थान? मगर पता चला है उनको दे दिया किसी ने गुरूमंत्र? कहा महानगर में मजबूत रहता है महामंत्री का तंत्र? शायद इस बात को कर लिया उन्होंने कैच? कर लिया महानगर में फिर से कमबैक? कमबैक वाले सवाल पर मुस्कुरा रहा था उनका चेहरा? गागर में सागर भरने वालों के शब्द भी एहसास करा रहे थे? जैसे वो चाह रहे हों इनके सर पर सेहरा?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक जनप्रतिनिधि गये करने एक मौहल्ले में उद्घाटन? सुना है वहां की जनता ने उन्हें भेंट किया शिकायत वाला राशन? जनता की शिकायतों को सुनकर जनप्रतिनिधि हो गये नाराज? उन्होंने बुलाने वाले नेता से कहा क्या हमें इसलिए यहां पर बुलाया था जनाब? सुना है इस बात पर छिड़ गया ठाकुर साहब के दिल में द्वंद्व? देखकर जनप्रतिनिधि का गुस्सा वो रह गये दंग? वो जैसा चाहते थे वैसा नहीं बना पाये माहौल? जनप्रतिनिधि के तेवरों ने एक झटके में खुशियों से थ्रिल कर दिया पूरा माहौल?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें जनप्रतिनिधि से है बहुत प्यार? मगर उनकी अदा ने दे दिया हमको झटका? हमें अच्छा नहीं लगा उस वक्त? जब हमने उनको पहनाया पटका? और उन्होंने पटके को हवा में उछाल कर पीछे पटका? अब जिंदगी भर याद रहेगा हमें इस पटके का खटका? ये मामला हमारे दिल में रहेगा अटका? कहने वाले ने कहा आप गलत समझ रहे हो? जन्मदिन वाले चेहरे को पटका पहनाने की लग रही थी लाईन? अगर वो स्लोली-स्लोली इस काम को करते तो बीत जाता आधी रात तक का टाईम? इसलिए इस बात को भूलो और लाओ अपने चेहरे पर शाईन?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा के समर्थकों ने कार्यक्रम कुछ ऐसा जोड़ा? हमने नजर दौड़ाई पूरे बर्थडे के मैन्यू पर? वहां पर हमें नहीं दिखा किसी भी तरह का पकौड़ा? अब उनको शायद हो गया है इस बात का एहसास? जहां सीन में होते हैं पकौड़े वहां पर होता है विवाद? इसलिए उन्होंने पकौड़ो को कर दिया पूरी तरह से कार्यक्रम से दूर? कार्यक्रम हिट रहा, सलाह का असर दिखा भरपूर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें भी साहिबाबाद वाले भगवा कमिश्नरों की एकता का मानना होगा लोहा? वो जिसके हैं उसके हैं भले ही कोई दूसरा पनीर खिलाये या फिर खिलाये पोहा? हमने देखा भगवा कमांडर के बर्थडे पर पूरी शिद्दत ने हैवीवेट वालों ने अपनी उपस्थिति कराई दर्ज? मगर नदिया पार के भगवा कमिश्नर निभा रहे थे तब भी अपना फर्ज? किसी ने भी आकर भगवा कमांडर का नहीं किया बर्थडे सेलीब्रेट? आपको यकीन ना हो तो आप फोटो चैक करके ले सकते हो सारे अपडेट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता है नदिया पार के दो भगवा भाटी मजबूती से उठाते हैं हैवीवेट वालों की लाठी? उन्हें पता है कि हैवीवेट वालों के आशीर्वाद से ही बनता है उनका काम? हमने देखा जब हैवीवेट वाले भगवा कमांडर को डाल रहे थे जन्मदिन पर गले में पटका? तब ये दोनों चेहरे थे पूरी तरह से सावधान? इन्होंने अपनी तरफ से नहीं दिया पटका पहनाने वाली घटना को अंजाम? दे दिया संदेश, हाथी के पांव में हमारा पांव? हमें तो वहीं रहना है जहां देगें वो अपनी छांव?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर के बर्थडे पर मेन्यू को फाईनल करने में गर्ग साहब का भी दिख रहा था रोल? चर्चा में आलू-पूरी थे तो सुनाई दे रहा था छोले और भठूरे का भी माहौल? छोले और भठूरों पर विशेष रूप से था गर्ग साहब के खास चेहरे का ध्यान? वो दे रहे थे देने वालों को संदेश? जब विजय नगर से लोग आयें तब भठूरे को ओपन करना श्रीमान? जब तक बहुत ज्यादा ना हो जाये जरूरी? तब तक चलाते रहना तुम आलू और पूरी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें इसलिए सपा के वरिष्ठ नेता अभिषेक गर्ग का अच्छा लगता है अंदाज? वो शिष्टाचार से देते हैं शिष्टाचार का जवाब? हमने देखा कुछ दिन पहले भगवा कमांडर ने रखा था उनके फार्म हाउस पर कदम? तब कमांडर ने कार्यक्रम से निकल कर विशेष रूप से लिया था गर्ग साहब के पिता जी का आशीर्वाद? मौका जब कमांडर का बर्थडे का आया तब मिस्टर गर्ग भी पीछे नहीं रहे साहब? वो भी निमंत्रण मिलने पर देने गये उनको मौके पर बधाई? शिष्टाचार का जवाब शिष्टाचार से कैसे दिया जाता है ये उन्होंने हकीकत में दिखा दिया भाई?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# बृज विहार में विधायक रविन्द्र नेगी का हुआ स्वागत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को दिल्ली के पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक रविन्द्र सिंह नेगी बृज विहार पहुंचे। बृज विहार मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी ने उनका अपने कार्यालय हरि ओम एसोसिएट बृज विहार पर स्वागत किया। उन्होंने ने विधायक को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विधायक रविन्द्र सिंह ने गाजियाबाद के मौजूदा राजनीतिक हालातों को लेकर विस्तार से चर्चा की। बातचीत के बाद कुछ देर बाद कार्यकताओं से मिलकर दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी ने सार्थक चौधरी के भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्त होने पर उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी उनका सम्मान किया। इस अवसर पर नीता चौधरी, दीपक चौधरी, अरुण चौधरी, कालीचरण पहलवान, यशपाल सिंह, मुकेश राजपूत भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# इंदिरापुरम में महिलाओं ने किया शराब के ठेके का विरोध

# विरोध प्रदर्शन में ठेके पर ताला लगाकर और सड़क जाम कर किया गया गुस्सा जाहिर




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के न्याय खंड एक में एक नए खुले शराब के ठेके के विरोध में, पाँच सोसाइटियों के निवासियों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से महिलाओं ने मोर्चा संभाला, जिन्होंने ठेके पर ताला लगाकर और सड़क जाम कर अपना गुस्सा जाहिर किया।

**प्रदर्शन का विवरण :** करीब 15 दिन पहले न्याय खंड एक में एक नया शराब का ठेका खुला था, जिसका स्थानीय लोग लगातार विरोध कर रहे थे। जब उनकी शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो गौर ग्रीन विस्टा, सुपरटेक आइकन, वी थ्री एस इंद्रलोक, पत्रकार विहार और जनता फ्लैट्स के सैकड़ों निवासी रविवार को सुपरटेक आईकॉन सोसाइटी के बाहर इकट्ठा हुए।

प्रदर्शनकारियों ने ठेके के शटर को जबरन गिराकर उस पर ताला लगा दिया और चाबियां अपने कब्जे में ले लीं। उन्होंने ठेके के सामने बने लकड़ी के रैंप को भी तोड़कर नाले में गिरा दिया। इसके बाद, उन्होंने महर्षि दयानंद चौक पर जाकर सड़क को जाम कर दिया, जिससे करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा।

**पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई :** जाम की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी इंदिरापुरम, अभिषेक श्रीवास्तव ने प्रदर्शनकारियों से बात की और उन्हें समझा-बुझाकर रास्ता खुलवाया। लोगों ने अपनी मांग रखी कि यह ठेका तुरंत बंद किया जाए। एसीपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे इस मामले की रिपोर्ट प्रशासन को देंगे और उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा।

**निवासियों की चिंताएं :** सुपरटेक आईकॉन सोसाइटी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष, मनोज ठाकुर ने बताया कि ठेके के पास ही दो धार्मिक स्थल हैं, और रिहायशी इलाके में इस तरह के ठेके खुलने से माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों की मौजूदगी से महिलाओं की सुरक्षा पर भी खतरा बना हुआ है। इसके अलावा, उन्होंने सड़क के दोनों ओर अवैध निर्माण और कब्जों की भी शिकायत की, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है।

इस अवसर पर ज्योत्सना शर्मा, रितिका गौड़, नेहा गुप्ता, पूजा दुबे, श्वेता वर्मा, दीप्ति, आशी, सुप्रिया पांडे, मानसी, जुगल बग्गा, इ श्रीनिवासन, अनिल भारद्वाज आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।




# क्या अभी और बदलेंगे कमिश्नरेट के नक्षत्र

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चंद्र ग्रहण के बाद से हाल और हालात बदल रहे हैं। कभी सोशल मीडिया गुडवर्क और अधिकारियों की तस्वीरों से भरा रहता था लेकिन इन दिनों ग्रुपों से लेकर पोस्ट पर बेड ही बेड होने की चर्चा है। पुलिस वाले सूत्र बताते हैं कि बीते दिनों लखनऊ वाले साहब की मीटिंग के बाद से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम का मामला थोड़ा आउट चल रहा है। तो वहीं जिस तरीके से देहात वाले जोन में विधायक जी ने मोर्चा खोला है, उसके बाद से एकदम से करंट वाला सीन बन गया है। अभी पोस्टिंग वाले आरोपी की बात बीती भी नहीं कि नदिया पार में जिस तरीके से इलाके वाले साहब ने रात के अंधेरे में छापा मारकर थाने के प्रभारी और चौकी वालों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है, उससे कई जोन में एकदम से टेंशन के साथ ही अटेंशन बढ़ गई है। तो वहीं कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में टेंशन और बढ़ेगी, तो पता चल रहा है कि चर्चा तेज है कि क्या पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अभी नक्षत्र और बदलेंगे। वहीं अब पुलिस से सुनने में आ रहा है कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग वाला मसाला होने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले साहब दो दिन बहार रहे हैं। तो इसी बीच पुलिस और कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठ गए है। खुद के महकमे यानी पुलिसकर्मी की पत्नी को ही बदमाशों ने निशाना बना लिया। वैसे इलाके वाली पुलिस ने मामला दबाने का प्रयास किया लेकिन वीडियो बन जाने की वजह से मामला हाईलाइट हो गया था। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि हुक्के के धुएं और पार्टी को लेकर जिस तरीके से लाइन हाजिर वाली कार्रवाई हुई है उसके बाद कब नदिया पार के दो थाना प्रभारी रडार पर आ जाएं, कहा नहीं जा सकता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं जिस तरीके से एक पुराने वाले साहब की शक्तियां धीरे-धीरे कम हो रही हैं। तो नए वाले साहब जल्द ही कुछ और नया करने वाले वाले हैं। अब पोस्टिंग में उनकी राय जरूरी रहेगी। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में उस तरीके से बेहतर पुलिसिंग और कई तरीके के अच्छा अभियान प्रदर्शित किया जा रहे थे लेकिन बीते दो दिनों में जिस तरीके से मामले ओपन हो रहे हैं, उसके बाद इधर इस बात की चर्चा हो रही है कि पुलिस कमिश्नरेट में अगला बड़ा एक्शन क्या होगा। देखना बेहद दिलचस्प रहने वाला है कि साहब के आने के बाद पारी किस प्रकार से चलती है।




## ग्रेटर नोएडा में निमार्णाधीन मकान से गिरी ईंट, दो बच्चे घायल

**नोएडा।** नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के तुगलकपुर गांव में रविवार दोपहर निमार्णाधीन मकान की ऊपरी मंजिल से ईंट गिरने से दो बच्चे घायल हो गए। दोनों भाई-बहन हैं। लड़के के सिर और लड़की के पैर में चोट आई है। बच्चों का इलाज कैलाश अस्पताल में चल रहा है। फहीम तुगलकपुर गांव में परचून की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके बगल में एक व्यक्ति नया मकान बनवा रहा है। पहली मंजिल का लिंटर डालने के साथ दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य चल रहा है। घटना रविवार दोपहर करीब दो बजे हुई। ऊपरी मंजिल के निर्माण के लिए मजदूर ईंट उठा रहा था। जैसे ही मजदूर ऊपर पहुंचा और ईंट अपने सिर पर रखी, ईंट बिखरकर नीचे गिर गई।

शोक संदेश
॥ ॐ शांति ॐ ॥ ॥ ॐ शांति ॐ ॥



आपको अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिता जी
श्री राजपाल चौहान
का स्वर्गवास बुधवार 3 सितंबर 2025 को हो गया है
उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए
श्रद्धांजलि सभा
कार्यक्रम
दिनांक:- सोमवार 15 सितंबर 2025
हवन प्रातः 9:00 बजे निज निवास
ब्रह्म भोज सुबह 11:00 बजे
रसम पगड़ी 2:00 बजे अपराहन
स्थान:- शिवालिक फार्म हाउस
निवेदक: नरेंद्र चौहान (ठा॰ नूदल सिंह) हाथरस कॉर्डिनेटर (कांग्रेस)
शोकाकुल: समस्त उदय सिंह परिवार
निज आवास: 851 कृष्णा गली न्यू करहेड़ा कॉलोनी नियर शिवालिक फार्म हाउस मोहन नगर गाजियाबाद
संपर्क सूत्र: -जितेंद्र चौहान +91 92100 82772

# कवि नगर पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, चेन लुटेरा दबोचे

## थाने की क्राइम टीम ने पाई सफलता





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र चौकी के पास मुठभेड़ के दौरान लूट की वारदातों में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।

मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा ने बताया कि 11 सितंबर को शास्त्रीनगर में अनुज गोयल की पत्नी से सोने की चेन लूट की घटना हुई थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही थी। जांच में मिले तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को घेर लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस पर फायरिंग की, जवाबी कार्रवाई में एक घायल हो गया और दूसरा मौके पर दबोच लिया गया। एसएचओ अनुराग शर्मा ने बताया है कि गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान समीर नवासी कोतवाली नगर गाज़ियाबाद और दिनेश उर्फ.लम्बू मुरादनगर के रूप में हुई है। इनके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, कारतूस, पीली धातु का चैन का टुकड़ा, चोरी के तीन मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में दोनों ने शास्त्रीनगर की चेन स्नैचिंग की वारदात और अन्य जगहों से मोबाइल लूटने की बात स्वीकार की है। दोनों पर गाज़ियाबाद में लूट के दो मुकदमे दर्ज हैं और अन्य आपराधिक मामलों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# महिला चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में बदमाशों पर इंदिरापुरम पुलिस ने पाया काबू





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना इंदिरापुरम पुलिस ने शनिवार देर रात कनावनी पुलिया के पास चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश को घायल अवस्था में दबोच लिया। इस कार्रवाई में महिला चौकी इंचार्ज अलका और नरेंद्र अत्री समेत पुलिस टीम ने बहादुरी दिखाते हुए बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। मुठभेड़ में गोली लगने से घायल बदमाश शहबाज उर्फ पोली निवासी नंद नगरी दिल्ली को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि पुलिस ने मौके से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है और फरार आरोपी की तलाश में टीमें गठित की गई हैं।

### स्नैचिंग व लूट की वारदातों को करता था आरोपी

**करंट क्राइम :** पुलिस पूछताछ में बदमाश ने खुलासा किया कि वह अपने साथी के साथ मिलकर गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली एनसीआर में राह चलते लोगों से मोबाइल और चैन लूटकर दिल्ली में बेच देता था। इसी रकम से वह अपने शौक पूरे करता था। बरामद मोटरसाइकिल भी उसने दिल्ली से चोरी की थी। पुलिस के मुताबिक, उसके खिलाफ करीब दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें लूट, स्नैचिंग, चोरी, आर्म्स एक्ट और पुलिस मुठभेड़ शामिल हैं। इंदिरापुरम पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण की दिशा में एक अहम कदम है। फरार बदमाश को भी जल्द पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# भाजपा कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

## स्नातक एमएलसी चुनाव की तैयारियों पर जोर






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा ने रविवार को स्नातक विधान परिषद सदस्य चुनाव को लेकर कार्यकारिणी बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय संयोजक (एमएलसी) स्नातक हरीश ठाकुर व महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की।

**प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़े के रूप में मनाने का आह्वान :** महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि सेवा पखवाड़े और आगामी कार्यक्रमों के माध्यम से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया जाएगा। उन्होंने चुनाव जीतने में रिकॉर्ड बनाने का भरोसा जताया।

वार्ड स्तर तक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी : क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए जिले से लेकर वार्ड तक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देनी होगी। संगठनात्मक रचना के अनुसार वोट बनवाना और अधिकतम मतदान सुनिश्चित करना प्राथमिकता होगी।

स्नातक वोट बनवाने का अभियान : बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्ष 2023 तक के स्नातकों को वोटर सूची में शामिल कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए सभी मंडल अध्यक्षों, संयोजकों व सह-संयोजकों को दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में अशोक मोगा, अश्वनी शर्मा, संजीव झा, अजय शुक्ला, डॉ. रिचा भदौरिया, नवनीत मित्तल, ललित कश्यप समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में दिनेश कुमार गोयल (सदस्य विधान परिषद, उ.प्र.) ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सोना देवी फाउंडेशन ने मनाया सोना देवी का 28वां स्मृति दिवस

## 11 निराश्रित महिलाओं को दी सिलाई मशीन









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को सोना देवी फाउंडेशन द्वारा सोना देवी के 28वें स्मृति दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 11 निराश्रित महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गईं ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस परोपकारी यज्ञ में लगभग 500 ब्राह्मण बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**कार्यक्रम का उद्देश्य :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पंडित सुनील शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पंडित जय नंद शर्मा द्वारा आयोजित यह 28वां परोपकारी यज्ञ एक प्रशंसनीय कार्य है। उन्होंने कहा, सोना देवी फाउंडेशन के माध्यम से निराश्रित महिलाओं को सिलाई मशीनें देकर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे ये महिलाएं स्वाभिमान के साथ अपने परिवार का पालन-पोषण कर पाएंगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे।

**प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति :** इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) और शिक्षक नेता पंडित चंद्र शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, गाजियाबाद के शहर विधायक पंडित संजीव शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (पंजी.) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पंडित जेके गौड़, और अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (नर्सिंग होम) के महानगर अध्यक्ष पंडित सुभाष शर्मा शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंडित जय नंद शर्मा को उनके सफल आयोजन के लिए बधाई दी गई। कई अन्य ब्राह्मण बंधुओं ने भी समाज की एकता पर जोर देते हुए ऐसे कार्यक्रमों के महत्व पर अपने विचार रखे।

**आभार और धन्यवाद :** कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पंडित जय नंद शर्मा ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि उनकी उपस्थिति ने उनके मनोबल को बढ़ाया है और इस सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस अवसर पर पंडित ज्ञानेंद्र शर्मा, पंडित राकेश शर्मा, पंडित राजेंद्र शर्मा, पंडित घनश्याम शर्मा, पंडित आदेश शर्मा, पंडित विजय भारद्वाज और पंडित संदीप शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# वार्ड 73 में महापौर सुनीता दयाल ने किया सड़क का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को महापौर सुनीता दयाल ने बी ब्लॉक शालीमार गार्डन की सभी सड़कों का उद्घाटन किया। यह कार्य पार्षद राजीव भाटी के निरंतर प्रयास के परिणामस्वरूप संभव हुआ है। इस मौके पर महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि शहर में विभिन्न परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इनमें सड़क निर्माण, नाला सुधार और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास शामिल है।

उन्होंने बताया कि 15वें वित्त आयोग के तहत लगभग कई करोड़ की लागत से शहरभर में विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक बनाना है। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि विकास कार्य केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि हर वार्ड में जरूरी विकास कार्य कराए जा रहे है। स्थानीय निवासियों ने भारी संख्या में भाग लिया और पार्षद राजीव भाटी एवं आरडब्ल्यूए द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। पार्षद ने अपने अथक प्रयास से इस कार्य को संभव बनाया। इस अवसर पर निलेश मित्तल साईराम नायर नवनीत शर्मा तेजपाल शर्मा आदि उपस्थित लोग रहे। स्थानीय निवासियों ने महापौर सुनीता दयाल पार्षद राजीव भाटी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# खोड़ा कॉलोनी को ग्रेटर गाजियाबाद में शामिल करने का स्थानीय लोगों ने किया पुरजोर विरोध

## बैठक कर पानी के मुद्दे पर दिल्ली जाने वाली सभी सड़कों को बंद करने का किया फैसला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खोड़ा कॉलोनी स्थित महालक्ष्मी गार्डन शिव विहार में पानी की मांग को लेकर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया । बैठक में लोगों ने खोड़ा कॉलोनी को ग्रेटर गाजियाबाद में शामिल करने का विरोध किया।

बैठक में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए खोड़ा रेजिडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जोशी ने कहा कि आज जनता दोहरी मार झेल रही है। एक तरफ जहां पानी की समस्या से जनता त्रस्त है वहीं दूसरी ओर प्रशासन पानी देने पर गंभीर न होकर खोड़ा को ग्रेटर गाजियाबाद में शामिल कर इसका और बेड़ागर्क करने में तुला है।

अध्यक्ष दीपक जोशी ने समस्त जनता से अपील की कि 26 अक्टूबर महा रैली में अपने-अपने घरों से निकले। उन्होंने जाकर 26 अक्टूबर से पहले प्रशासन में हमारी मांग को नहीं माना तो दिल्ली उत्तर प्रदेश के सभी मुख्य मार्ग को बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी जानबूझकर हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष अमरचंद ठेकेदार ने कहा कि विधायक, सांसद, नगर पालिका अध्यक्ष कोई भी खोड़ा में नहीं रहता है, जिस कारण से उन्हें इस कॉलोनी की समस्या से कोई लेना देना नहीं है। पब्लिक समस्या को लेकर आखिर किसके पास जाएगा इसलिए सभी को एकजुट होकर आंदोलन को मजबूत बनाना होगा।

खोड़ा रेजिडेंट्स के संरक्षक सरदार सिंह यादव ने कहा कि अब इस आंदोलन में जनता का समर्थन मिल रहा है सभी राजनीतिक पार्टियों एवं सामाजिक संगठनों के लोग इस आंदोलन के साथ है । सामाजिक कार्यकर्ता शालू सिंह ने युवाओं से अपील की कि हर साल 5 लाख रुपए लगाने से अच्छा है हर घर से एक सदस्य इस आंदोलन का हिस्सा बने। बैठक में शालू सिंह, ललित रावत, उमेश सिंह सतपाल, ललित मिश्रा, विवेक कुमार, मनु शर्मा, राजेश कुमार, विक्रम सिंह, पूनम देवी, सोनम कुमारी, पूजा रानी आदि उपस्थित रहे।

# महापौर सुनीता दयाल ने वार्ड 78 में किया 80 लाख की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान पार्षद ओमवती देवी के द्वारा शालीमार गार्डन थाने से बीकानेर 80 फुटा तक 80 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ महापौर सुनीता दयाल के कर-कमलों द्वारा किया गया। यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र के समग्र विकास सुगम यातायात एवं नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे तथा सभी ने इस विकासात्मक पहल का स्वागत किया।

# प्रदेश को बचाने के लिए भाजपा को हराना जरूरी : अखिलेश



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को हराकर यूपी को बचाना है। इस सरकार में हर विभाग, हर कार्य में भ्रष्टाचार है। वह रविवार को सपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा भूमाफिया पार्टी है। भाजपा के नेता सरकारी जमीनों, तालाबों और गरीबों की भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा है। सरकार की गलत नीतियों से किसान, नौजवान, महिलाएं, व्यापारी सभी परेशान हैं। उन्होंने कार्यकताओं से कहा, भाजपा चुनाव में वोट चोरी की कोशिश कर सकती है। इससे सावधान रहना है। वहीं, हिंदी दिवस पर हुए कार्यक्रम में अखिलेश ने कहा कि विश्व की समृद्ध भाषाओं में हिंदी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने याद दिलाया कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने भारतीय भाषाओं के विकास के लिए बहुत काम किया। अंग्रेजी पर निर्भरता कम की। प्रचार, प्रसार और सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया भी हिंदी भाषा के पक्षधर थे। इस अवसर पर सपा अध्यक्ष ने पूर्व सांसद एवं प्रख्यात कवि उदय प्रताप सिंह का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया।

मेधावियों को दिया लैपटांप लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को मेधावी उजमा बानो तथा शैलेश सिंह चौहान को लैपटॉप दिया। उन्हें खूब पढ़ाई करने और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। लखनऊ निवासी उजमा बानो आईटी पीजी कॉलेज लखनऊ में एमएससी में टॉपर है और यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा में 99.33 प्रतिशत अंक हासिल किया है।

# जघन्य अपराधों में क्राइम सीन को तत्काल करना होगा सुरक्षित

## एसओपी को लेकर डीजीपी ने दिए निर्देश




**लखनऊ।** हत्या, बलात्कार और पाक्सो आदि अपराध में फोरेंसिक साक्ष्य जुटाने के लिए एसओपी जारी की गई है। ये एसओपी तकनीकी सेवा शाखा के निर्देशन में विधि विज्ञान प्रयोगशाला ने तैयार की है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने क्राइम सीन मैनेजमेंट और फोरेंसिक साक्ष्य जुटाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है, जिसमें खासकर हत्या, बलात्कार, पाक्सो आदि अपराध में क्राइम सीन को तत्काल सुरक्षित कर फोरेंसिक साक्ष्य जुटाने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 176(3) के क्रियान्वयन के लिए तकनीकी सेवा शाखा के निर्देशन में राजधानी स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला ने इसे तैयार किया है। बता दें कि एसओपी में पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारियां भी तय की गई है। डीजीपी ने इसका सख्ती से पालन करने और इसमें लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एसओपी के मुताबिक, ऐसे सभी अपराधों जिनमें सात साल से अधिक सजा का प्रावधान है, मुकदमा दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे कि फोरेंसिक विशेषज्ञ अपराध स्थल का निरीक्षण करें और साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाए। खासकर गंभीर अपराध, यौन अपराध, आतंकवाद, एनडीपीएस, हत्या, पाक्सो आदि के प्रकरणों में इस बाबत खास सावधानी बरतते हुए कार्य करना होगा।

# आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में एलुमनाई मीट का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोहन नगर स्थित आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में पीजीडीएम पासआउट सत्रों के लिए एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सभी गणमान्य अतिथियों के गर्मजोशी भरे स्वागत से की गई। निदेशक प्रो. डॉ. अजय कुमार, सम्मानित फैकल्टी सदस्य छात्रों को बधाई दी। प्रो. डॉ. अजय कुमार ने एलुमनी की भूमिका को संस्थान की गौरवशाली विरासत को बनाए रखने और व्यावसायिक दुनिया में उनके योगदान को रेखांकित किया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एकल और समूह नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

कार्यक्रम की सबसे उल्लेखनीय बातों में से एक था सम्मान समारोह, जिसमें सबसे पहले पीजीडीएम 1997-1999 बैच के पायनियर एलुमनी को सम्मानित किया गया। इसके बाद 2022-2024 तक के सभी बैचों के एलुमनी को क्रमशः सम्मानित किया गया। जैसे-जैसे पूर्व छात्र अपने अनुभव और उपलब्धियाँ साझा करते गए, माहौल भावुकता, उल्लास और यादों से भर गया। एलुमनाई ने अपने छात्र जीवन, शिक्षकों से प्राप्त मार्गदर्शन और करियर में संस्थान के योगदान को साझा किया। कार्यक्रम में हास्य और मनोरंजन का तड़का लगाने के लिए स्टैंड-अप कॉमेडियन पीयूष दुबे ने बीच-बीच में प्रस्तुति दी।



# धूमधाम के साथ मनाया गया शहर विधायक संजीव शर्मा का जन्मदिन





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर विधायक संजीव शर्मा का जन्मदिन रविवार को धूमधाम से मनाया गया। संजीव शर्मा को जन्मदिन की बधाई देने के लिए राजनीति की गणमान्य हस्तियां पहुंची। जनप्रतिनिधि पहुंचे और बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग पहुंचे। सभी ने शहर विधायक संजीव शर्मा के जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी। शहर विधायक संजीव शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया

# भारत की 10 वर्षीय अतीका मीर की बड़ी उपलब्धि मिनीमैक्स श्रेणी में दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**नई दिल्ली।** भारतीय मोटरस्पोर्ट की 10 वर्षीय प्रतिभा अतीका मीर ने रविवार को इतिहास रच दिया। वह यूएई कार्टिंग में मिनीमैक्स श्रेणी की रेस जीतने वाली पहली महिला चालक बन गई हैं। दुबई कार्टड्रोम में आयोजित प्रतिष्ठित डीएएमसी चैंपियनशिप के पहले चरण में अतीका ने पोल पोजिशन से शुरूआत की और 14 प्रतिभागियों के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए फिनिश लाइन सबसे आगे पार की। इस रेस में यूरोप के अनुभवी विजेता चालक भी शामिल थे, लेकिन अतीका ने स्वच्छ ड्राइविंग और ट्रैक सीमाओं का पालन करते हुए सबको पछाड़ दिया।



### ऐतिहासिक जीत पर क्या बोलीं अतीका?

यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि मिनीमैक्स श्रेणी में किसी महिला ने पहली बार पोल और फाइनल रेस दोनों जीती हैं। इस साल की शुरूआत में ही फॉमूर्ला-1 ने अतीका की प्रतिभा को पहचानते हुए उन्हें एफ1 अकादमी डीवाईडी प्रोग्राम के लिए चुना था। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली भारतीय ड्राइवर भी हैं। अपनी जीत पर अतीका ने कहा, 'मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। दुबई कार्टड्रोम वह ट्रैक है जहां से मैंने कार्टिंग की शुरूआत की थी, इसलिए यह हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। तैयारी के लिए समय कम मिला, फिर भी मैं गति बनाए रख पाई। अपने स्पॉन्सर्स एकसेल अकादमी का विशेष धन्यवाद।'

यूरोपियन सीजन में सफलता हासिल करने के बाद अतीका अब जल्द ही स्लोवाकिया रवाना होंगी, जहां वे चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी राउंड 4 में हिस्सा लेंगी और एफ1 डीवाईडी प्रोग्राम के लिए ड्राइव करेंगी। अतीका का ताल्लुक रेसिंग परिवार से है। उनके पिता आसिफ नजीर मीर फॉमूर्ला एशिया के वाइस-चैंपियन रह चुके हैं। अतीका मौजूदा फॉमूर्ला-1 विश्व चैंपियन मैक्स वेरस्टापेन को अपना आदर्श मानती हैं और उनका सपना है कि एक दिन वे मोटरस्पोर्ट की सबसे ऊंची मंजिल, फॉमूर्ला-1, तक पहुंचें।

# प्रो कबड्डी लीग-12: जयपुर पिंक पैंथर्स ने यूपी योद्धाज को 41-29 से हराया

**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में जयपुर पिंक पैंथर्स ने अपने घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए यूपी योद्धाज को 41-29 से मात देकर पहली घरेलू जीत दर्ज की। जयपुर के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में जयपुर ने दमदार खेल दिखाया।

रेडिंग में नितिन कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपर-10 पूरा किया। उनके साथ ईरानी ऑलराउंडर अली सामदी ने 9 अंक अपने नाम किए। डिफेंस में भी टीम बेहद सशक्त नजर आई। रेजा मिरबघेरी ने चार टैकल अंक जुटाए, जबकि दीपांशु खत्री और आर्यन कुमार ने तीन-तीन अंक लेकर विपक्षी रेडरों को रोकने में अहम भूमिका निभाई।

मुकाबले की शुरूआत यूपी योद्धाज के लिए अच्छी रही। शिवम चौधरी ने बोनस अंक से खाता खोला, जबकि भवानी राजपूत और गगन गौड़ा ने लगातार रेड अंक लेकर टीम को बढ़त दिलाई। लेकिन जल्द ही नितिन और सामदी ने जयपुर को वापसी कराई। सामदी की दो अंकों की रेड और मिरबघेरी के टैकल ने पहला



ऑल-आउट कराया और जयपुर ने तीन अंकों की बढ़त हासिल कर ली। पहले हाफ में जयपुर ने पूरी तरह दबदबा बनाया और 23-12 की मजबूत बढ़त ले ली। दूसरे हाफ में यूपी के स्टार रेडर गगन गौड़ा ने जोरदार संघर्ष करते हुए लगातार अंक जुटाए और सुपर-10 पूरा किया। कप्तान सुमित सांगवान ने भी चार टैकल अंक लिए, लेकिन जयपुर का डिफेंस लगातार मजबूती से खड़ा रहा। दीपांशु खत्री के सुपर टैकल ने यूपी की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया। अंतिम क्वार्टर में पिंक पैंथर्स ने खेल की रफ्तार नियंत्रित रखते हुए बढ़त बनाए रखी। आखिरी पलों में नितिन कुमार ने एक और सफल रेड करते हुए सुपर-10 पूरा किया और निर्णायक ऑल-आउट कराया। नतीजतन जयपुर ने मुकाबला 41-29 से जीतकर अपने घरेलू दर्शकों को जश्न का मौका दिया।

# जैस्मिन के बाद मीनाक्षी ने भी जीता स्वर्ण पदक कजाखस्तान की मुक्केबाज को दी मात

**नई दिल्ली।** जैस्मिन ने पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता पोलैंड की जूलिया जेरेमेटा को हराकर फीदरवेट वर्ग का खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद डेब्यू कर रहीं मीनाक्षी ने पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कजाखस्तान की नाजिम काइजेबे को 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में 4-1 से हराकर जुलाई में विश्व कप में मिली हार का बदला चुकता किया।

भारत की मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया के बाद मीनाक्षी हुड्डा ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लिया है। पहले जैस्मिन ने 57 किग्रा में सोना अपने नाम किया और फिर मीनाक्षी ने 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भारत ने विदेशी सरजमीं पर महिला वर्ग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार पदक अपने नाम किए। मीनाक्षी ने ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी को हराया जैस्मिन ने पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता



पोलैंड की जूलिया जेरेमेटा को हराकर फीदरवेट वर्ग का खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद डेब्यू कर रहीं मीनाक्षी ने पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कजाखस्तान की नाजिम काइजेबे को 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में 4-1 से हराकर जुलाई में विश्व कप में मिली हार का बदला चुकता किया। नुपूर शेरोन (80 प्लस किलो) और पूजा रानी (80 किलो) को गैर ओलंपिक भारवर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत ने प्रतियोगिता में चार पदक जीते जो विदेशी सरजमीं पर उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दिग्गजों की सूची में हुई शामिल इस जीत के साथ जैसमीन और मीनाक्षी विश्व चैम्पियन बनने वाली भारतीय मुक्केबाजों की सूची में शामिल हो गई हैं। इससे पहले छह बार की चैंपियन एम सी मेरीकोम (2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018), दो बार की विजेता निकहत जरीन (2022 और 2023), सरिता देवी (2006), जेनी आरएल (2006), लेखा केसी (2006), नीतू गंघास (2023), लवलीना बोरगोहेन (2023) और स्वीटी बूरा (2023) यह खिताब जीत चुकी हैं।

# हांगकांग ओपन का खिताब जीतने से चूकी सात्विक-चिराग की जोड़ी

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी हांगकांग ओपन सुपर 500 का खिताब जीतने से चूक गई। सात्विक-चिराग को फाइनल में ओलंपिक की रजत पदक विजेता जोड़ी चीन की लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार मिली। पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली विश्व में नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी को छठी रैंकिंग की चीनी जोड़ी से 21-19, 14-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा।



### लय बरकरार नहीं रख सकी सात्विक-चिराग की जोड़ी

सात्विक-चिराग ने लियांग-चांग के खिलाफ पहला गेम जीता था, लेकिन इसके बाद वह लय बरकरार नहीं रख सके और उन्हें हार का सामना करना पड़ा। थाईलैंड ओपन जीतने के बाद भारतीय जोड़ी 16 महीनों में पहली बार फाइनल में खेल रही थी और इस हार के साथ सुपर 500 फाइनल में इस जोड़ी का परफेक्ट रिकॉर्ड भी टूट गया। सात्विक और चिराग ने इससे पहले अपने चारों सुपर 500 फाइनल में खिताब जीता था। इस सत्र में छह बार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली भारतीय जोड़ी की लियांग और वांग के खिलाफ 10 मैच में यह सातवीं हार है, जबकि उन्होंने तीन जीत दर्ज की है। भारतीय जोड़ी ने पेरिस में विश्व चैंपियनशिप के दौरान चीन की इस जोड़ी को हराया था।

सात्विक और चिराग ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहला गेम जीता लेकिन इस लय को बरकरार रखने में नाकाम रहे और निर्णायक गेम में 2-11 से पिछड़ने के बाद उनकी हार लगभग तय हो गई थी। शुरूआती गेम में दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। चिराग ने शुरूआत में ही तेज स्मैश लगाकर 0-2 से पिछड़ रही भारतीय जोड़ी को वापसी दिलाई। चिराग ने 10-10 के स्कोर पर दमदार स्मैश के साथ ब्रेक तक भारतीय जोड़ी को 11-10 की मामूली बढ़त दिलाई।

### ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी ने अपना आक्रामक रुख

ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी ने आक्रामक रुख अपनाया और लगातार कई जबरदस्त स्मैश के साथ 13-11 से आगे हो गए। वांग के शरीर की तरफ खेले सात्विक के शॉट और फिर चिराग की तीखी सर्विस से भारतीय जोड़ी ने चार अंक की बढ़त बनाई। चीन के खिलाड़ियों ने नेट पर

### दूसरी गेम में चीनी जोड़ी ने की वापसी

चीनी जोड़ी ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी की जिसमें वांग ने कोर्ट के पिछले हिस्से से शानदार प्रदर्शन करते हुए 8-2 की बढ़त बना ली। वांग की सर्विस में गलती और एक लंबे शॉट से भारतीय जोड़ी ने वापसी की कोशिश की लेकिन चीन की जोड़ी ब्रेक तक 11-6 की मजबूत बढ़त बनाने में सफल रही। भारतीय जोड़ी ने जल्द ही स्कोर 12-14 किया। इसके बाद हालांकि चीन की जोड़ी ने अगले नौ में से सात अंक जीतकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया।

भारतीय खिलाड़ियों की गलती का फायदा उठाकर लगातार चार अंक के साथ वापसी की। चिराग ने लाइन पर सटीक सर्विस करके पहला गेम में जीत सुनिश्चित की। निर्णायक गेम में लियांग और वांग ने शानदार शुरूआत करते हुए 5-0 की बढ़त बनाई। सात्विक और चिराग को गेम की शुरूआत में जूझना पड़ा। चीन की जोड़ी जल्द ही 8-1 से आगे हो गई और फिर ब्रेक तक बढ़त को 11-2 तक पहुंचाया। भारतीय जोड़ी ने तीन मैच प्वाइंट बचाकर स्कोर 17-20 किया लेकिन इसके बाद एक गलत रिटर्न करके गेम, मैच और खिताब चीन की जोड़ी की झोली में डाल दिया।

# विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत को स्वर्ण, जैस्मिन लैम्बोरिया का गोल्डन पंच



**नई दिल्ली।** विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में भारत की बेटी का दबदबा देखा गया। फाइनल में पोलैंड की जूलिया को मात देकर उन्होंने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इससे पहले जैस्मिन ने सेमीफाइनल में वेनेजुएला की कैरोलिना अल्काला को 5-0 से परास्त किया था।

पुरुष वर्ग में 12 वर्ष में पहली बार ऐसा हुआ जब भारतीय मुक्केबाजों को खाली हाथ लौटना होगा। जदुमणि सिंह के सामने गत विश्व चैंपियन कजाखस्तान के सांजेर ताशकेनबे थे जिनके खिलाफ उन्हें 0-4 से हार मिली। जदुमणि की हार के साथ यह तय हो गया कि भारत के दस सदस्यीय पुरुष दल का इस बार कोई पदक नहीं मिलेगा। ऐसा 2013 के बाद पहली बार होगा। ताशकंद में 2023 में भारत ने 3 कांस्य जीते थे।

# ओलंपिक पदक विजेता पहलवान अमन सहरावत वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप से बाहर, अधिक वजन से छिना मौका

**नई दिल्ली।** भारत की कुश्ती टीम को बड़ा झटका लगा है। ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत को रविवार को जाग्रेब (क्रोएशिया) में चल रही वर्ल्ड चैंपियनशिप से अयोग्य करार दिया गया।इसका कारण तो और भी चौंकाने वाला है। उनका वजन तय सीमा से ज्यादा पाया गया और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया।

पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाले अमन का वजन पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में प्रतियोगिता से पहले हुए वजन मापन (वेट-इन) में 1.7 किलो ज्यादा पाया गया। भारतीय दल के एक सदस्य ने बताया, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण और चौंकाने वाला है कि अमन अपना वजन नियंत्रित नहीं कर पाए। जब उन्होंने वेटिंग स्केल पर खड़ा होकर वजन कराया, तो वे 1700 ग्राम अधिक पाए गए। यह वास्तव में स्वीकार्य नहीं है। हमें समझ नहीं आ रहा कि उनका वजन इतना कैसे बढ़ गया।'



अमन 25 अगस्त को अन्य भारतीय पहलवानों के साथ एडजस्टमेंट (अक्लिमेटाइजेशन) कैंप के लिए जाग्रेब पहुंचे थे। ऐसे में उनके पास वजन बनाने के लिए पर्याप्त समय था। 22 वर्षीय अमन सेहरावत दिल्ली के मशहूर छत्रसाल स्टेडियम में ट्रेनिंग करते हैं। वे इस वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के सबसे मजबूत पदक दावेदारों में से एक माने जा रहे थे। भारत को पेरिस ओलंपिक 2024 में तब बड़ा झटका लगा था, जब दिग्गज पहलवान विनेश फोगाट को फाइनल से पहले उनके बढ़े हुए वजन को लेकर डिस्क्वालिफाई कर दिया गया। वजन मापने के दौरान 29 वर्षीय विनेश का वजन 100 ग्राम अधिक पाया गया और इसी कारण उन्हें 50 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल से पहले अयोग्य घोषित कर दिया गया। विनेश ने तमाम कोशिशें कीं, लेकिन निर्धारित वजन सीमा के अंदर नहीं पहुंच सकी थीं। इस घटना के चलते भारत ओलंपिक में एक संभावित पदक से चूक गया था।

# मेघना ने विश्व कप में पहला पदक दिलाया, भारत पांचवें स्थान पर रहा

**नई दिल्ली।** मेघना सज्जनार ने रविवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक के साथ विश्व कप में अपना पहला पदक जीता, जिससे भारत ने सत्र के अंतिम आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) में पांचवें स्थान पर रहकर अपने अभियान का अंत किया।

मेघना ने फाइनल में 230.0 का स्कोर बनाकर कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में चीन की उभरती हुई स्टार पेंग शिनलू का दबदबा रहा, जिन्होंने 255.3 के स्कोर के साथ हमवतन वांग जिफेई के 254.8 के स्कोर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। नॉर्वे की जेनेट हेग डुएस्टैड ने रजत पदक जीता।

शनिवार को ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया था। चीन तीन स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर, जबकि नॉर्वे दो स्वर्ण



पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

रविवार की सुबह मेघना ने दूसरी क्वालीफिकेशन रैली में 632.7 का स्कोर बनाकर सातवां, जबकि पेंग ने 637.4 का शानदार स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। चीनी खिलाड़ी ने 24 शॉट के फाइनल की शुरूआत 10.9 के परफेक्ट स्कोर के साथ की, जबकि मेघना पांच एकल शॉट की पहली सीरीज के बाद आठ महिलाओं की श्रेणी में सबसे निचले स्थान पर थीं।

भारतीय खिलाड़ी ने दूसरी सीरीज में 52.3 अंक बनाकर अच्छी वापसी की और कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण अंकुश जाधव ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन क्वालिफिकेशन राउंड में 590 अंक हासिल कर चौथा स्थान हासिल करके फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल में हालांकि, पहले नीलिंग पोजीशन और फिर दूसरे प्रोन पोजीशन में उनकी शुरूआत बेहद खराब रही, जिसके कारण वे 40 शॉट के बाद 406.7 स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे। भारत के अन्य खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले ने 587 अंक बनाकर कुल 21वां और पदक दावेदारों में 19वां स्थान हासिल किया।

# एशिया कप 2025: बांग्लादेश की हार का 'पावरप्ले' कनेक्शन



**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश की टीम को श्रीलंका के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका की टीम ने 140 रनों का टारगेट 6 विकेट रहते 15वें ओवर में ही हासिल कर लिया। इस हार से बांग्लादेश के लिए सुपर 4 में जगह बनाने की उम्मीदों को झटका लगा है। बांग्लादेश का एक मैच और इस टूनार्मेंट में बाकी है, जो अफगानिस्तान के खिलाफ है। उस मैच को टीम हारी तो सुपर 4 की दौड़ से बाहर हो जाएगी। बात श्रीलंका के खिलाफ मैच की करें तो इस मुकाबले में मिली हार का कारण कप्तान लिटन दास ने पावरप्ले को बताया है।

शनिवार को अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी तो पहले दो ओवर में एक भी रन नहीं बना सकी और दो विकेट भी टीम ने गंवा दिए। तंजीद हसन और परवेज हुसैन इमोन का खाता भी नहीं खुला और टीम के खाते में भी एक भी रन नहीं था। 14वीं गेंद पर पहला रन बना। तीसरा विकेट 11 रन पर गिर गया। इस तरह पावरप्ले में ही टीम का काम तमाम हो गया। इसका जिक्र मैच के बाद बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने किया है। वे खुद भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए। शनिवार को अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी तो पहले दो ओवर में एक भी रन नहीं बना सकी और दो विकेट भी टीम ने गंवा दिए। तंजीद हसन और परवेज हुसैन इमोन का खाता भी नहीं खुला और टीम के खाते में भी एक भी रन नहीं था। 14वीं गेंद पर पहला रन बना। तीसरा विकेट 11 रन पर गिर गया। इस तरह पावरप्ले में ही टीम का काम तमाम हो गया। इसका जिक्र मैच के बाद बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने किया है। वे खुद भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए।

# जब पाकिस्तान ने भारत में हुए एशिया कप का किया था बहिष्कार, एक बार रद्द तक हो चुका है टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** एशिया कप में पाकिस्तान के साथ खेलने को लेकर भारत में जबरदस्त आक्रोश दिख रहा है। सोशल मीडिया पर लोग मैच के साथ-साथ एशिया कप के बहिष्कार की मांग कर रहे हैं। मैच को पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों का अपमान बता रहे हैं। कुछ इसके लिए पाकिस्तान का उदाहरण दे रहे हैं जब पड़ोसी देश ने एक बार टूनार्मेंट का बहिष्कार कर दिया था। भारत-पाकिस्तान तनाव की वजह से एशिया कप को एक बार रद्द तक करना पड़ा था।

### जब एशिया कप में नहीं खेला था भारत

भारत भी एक बार एशिया कप में नहीं खेला था लेकिन उसकी वजह बहिष्कार नहीं थी। 1986 में टूनार्मेंट की मेजबानी श्रीलंका कर रहा था। ये एशिया कप का दूसरा एडिशन था। तब श्रीलंका में हालात बहुत खराब थे। गृह युद्ध जैसी नौबत थी। एलटीटीई की सक्रियता तेजी से बढ़ रही थी। तत्कालीन भारतीय सरकार ने सुरक्षा कारणों से बीसीसीआई को टूनार्मेंट से दूर रहने का निर्देश दिया था। नतीजा ये हुआ कि भारत ने एशिया कप में हिस्सा नहीं लिया। सिर्फ तीन टीमें-



श्रीलंका, पाकिस्तान और बांग्लादेश ने शिरकत की और खिताब मेजबान टीम ने जीता। एशिया कप के इतिहास में अब तक का वो पहला टूनार्मेंट था जिसमें भारत नहीं खेला।

### 1993 में तो एशिया कप रद्द करना पड़ा

1990-91 के एशिया कप का पाकिस्तान द्वारा बहिष्कार करने के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट बंद हो गया। दोनों टीमें एक दूसरे के यहां जाकर खेलना बंद कर दीं। इस तनाव की वजह से 1993 में होने वाले एशिया कप को रद्द करना पड़ा। टूनार्मेंट 1995 में बहाल हुआ और सारे मैच यूएई के शारजाह में खेले गए।

दोनों देशों के बीच क्रिकेट संबंध तब बहाल हुए जब 1997-98 में भारत ने पाकिस्तान का दौरा किया। अब पिछले काफी वर्षों से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं होता। भारत ने कड़ा रुख अपनाते हुए बार-बार स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान आतंकवाद पर लगाम लगाए, तभी द्विपक्षीय क्रिकेट मुकाबले होंगे। हालांकि एशिया कप में पाकिस्तान के साथ मैच को लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त आक्रोश है। यूजर सिर्फ द्विपक्षीय नहीं, पाकिस्तान के साथ किसी भी टूनार्मेंट में नहीं खेले जाने की मांग कर रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से लगातार ये मांग उठती रही है।

### जब पाकिस्तान ने भारत में हुए एशिया कप का किया था बहिष्कार

1990-91 में चौथा एशिया कप हुआ था और मेजबानी भारत ने की थी। तब इमरान खान की अगुआई वाली पाकिस्तानी टीम ने टूनार्मेंट का बहिष्कार कर दिया। इसके लिए भारत के साथ राजनीतिक तनाव को जिम्मेदार बताया।

ये तब हुआ जब कुछ ही महीनों पहले 1989 में भारतीय टीम ने पाकिस्तान का दौरा किया था। पाकिस्तान ने भारत की कश्मीर नीति के विरोध में एशिया कप का बहिष्कार कर दिया। खैर, टूनार्मेंट हुआ और भारत ने फाइनल में श्रीलंका को शिकस्त देकर कप पर कब्जा किया।

# नेपाल में हुई हिंसा में मौतों का आंकड़ा पहुंचा 72

## अंतरिम पीएम ने मारे गए लोगों को घोषित किया 'शहीद'

**काठमांडू ।** नेपाल में भ्रष्टाचार और आर्थिक असमानता के खिलाफ भड़केजेन-जेड प्रदर्शनों में अब तक 72 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 59 प्रदर्शनकारी, तीन पुलिसकर्मी और 10 कैदी शामिल हैं, जो जेल से भागने की कोशिश कर रहे थे। हालात बिगड़ने के बीच देश की पहली महिला अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने एलान किया कि इन मृतकों को ह्यशहीदह्न का दर्जा दिया जाएगा और उनके परिवारों को 10 लाख नेपाली रुपये की मुआवजा राशि दी जाएगी।

नव नियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री कार्की ने अपने कार्यभार संभालने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 8 सितंबर को जिनकी मौत हुई है, उन्हें आधिकारिक तौर पर ह्यशहीदह्न कहा जाएगा। उन्होंने बताया कि घायलों का पूरा इलाज सरकार कराएगी और उन्हें भी आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके



अलावा सरकार शवों को काठमांडू से उनके जिलों तक पहुंचाने की व्यवस्था करेगी।

### मुआवजा और पुनर्निर्माण की योजना

कार्की ने यह भी कहा कि जिनकी निजी संपत्तियां प्रदर्शन के दौरान जलाई गई हैं, उन्हें भी मदद दी जाएगी। सरकार उन्हें आसान शर्तों पर ऋण या अन्य उपायों के जरिए राहत देगी। उन्होंने साफ किया कि तोड़फोड़ और आगजनी में शामिल लोगों की जांच की जाएगी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

सत्ता में रहने का इरादा नहीं 73 वर्षीय कार्की ने स्पष्ट किया कि अंतरिम सरकार केवल छह महीने के लिए है और इसका मकसद सत्ता का स्वाद लेना नहीं बल्कि हालात को सामान्य करना है। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान केवल भ्रष्टाचार की जांच, व्यवस्था सुधार और जनता के विश्वास को बहाल करने पर होगा।

**नेपाल में भ्रष्टाचार और आर्थिक असमानता के खिलाफ भड़केजेन-जेड प्रदर्शनों में अब तक 72 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 59 प्रदर्शनकारी, तीन पुलिसकर्मी और 10 कैदी शामिल हैं**

विरोध प्रदर्शन की पृष्ठभूमि नेपाल में यह आंदोलन तब शुरू हुआ जब सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया। इस कदम ने पहले से मौजूद भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से गुस्साए युवाओं को सड़कों पर ला दिया। ह्ययुवा पीढ़ी का आंदोलनह्न देश में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर हुआ, जिसमें मुख्य मांग आर्थिक समानता और भ्रष्टाचार उन्मूलन की थी।

# अफ्रीकी प्रवासियों को जबरन निकालने की तैयारी में ट्रंप प्रशासन, संघीय न्यायाधीश ने लगाई फटकार

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में पांच अफ्रीकी प्रवासियों को जबरन उनके देश भेजने के मामले में एक अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को जमकर फटकार लगाई है। न्यायाधीश ने प्रशासन पर कोर्ट के आदेश को दरकिनार करने को लेकर सवाल तीखे सवाल पूछे है। मामले में न्यायाधीश तान्या चटकन ने कहा कि ऐसा लगता है कि प्रशासन अदालत के आदेशों को दरकिनार करने की कोशिश कर रहा है, ताकि पांच अफ्रीकी प्रवासियों को उनके देशों में वापस भेजा जा सके, जहां उन्हें यातना या मौत का खतरा है।

ऐसे में इस मामले में चर्चा तब तेज हो गई जब ट्रंप प्रशासन ने इन पांच प्रवासियों को सीधे उनके देश भेजने की बजाय पहले घाना भेजा, ताकि घाना उन्हें आगे उनके मूल देशों में भेज सके। कोर्ट ने इन प्रवासियों को उनके देशों में भेजने से रोक दिया था, क्योंकि वहां उनकी जान को खतरा है।

एसीएलयू ने कोर्ट में दिया तर्क,



लेकिन न्यायाधीश ने लगाई फटकार बता दें कि अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) ने बताया कि इन पांच में से एक व्यक्ति को पहले ही घाना से गाम्बिया भेज दिया गया है, जबकि अमेरिकी अदालत ने साफ कहा था कि उसे गाम्बिया नहीं भेजा जा सकता। इसपर न्याय विभाग की वकील एलियानिस पेरेज ने कोर्ट में दलील दी कि घाना ने वादा किया था कि वह ऐसा नहीं करेगा। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका यह तय नहीं कर सकता कि घाना किसे कहां भेजेगा।

न्यायाधीश ने कोर्ट को दिए आदेश हालांकि, जज चटकन ने सरकार से नाराजगी जताते हुए कहा कि मुझे ये मत कहिए कि आपके पास घाना पर कोई नियंत्रण नहीं है। मैं जानती हूं कि ऐसा नहीं है। मामले में आगे न्यायाधीश ने प्रशासन को आदेश दिया कि वे शनिवार रात नौ बजे तक कोर्ट को लिखकर बताएं कि उन्होंने क्या कदम उठाए हैं।

# स्पेन के मैड्रिड में संदिग्ध गैस रिसाव से विस्फोट, 25 घायल

**मैड्रिड ।** स्पेन की राजधानी मैड्रिड में शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को एक इमारत में विस्फोट हो गया। हादसे में 25 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। घटना के बारे में मैड्रिड की आपातकालीन सेवाओं ने जानकारी दी।

स्पेनिश समाचार एजेंसी ईएफई के अनुसार, अग्निशमन कर्मियों को संदेह है कि विस्फोट गैस रिसाव के कारण हुआ है। हालांकि, पुलिस अभी विस्फोट के कारणों की जांच कर रही है।

### तीन मंजिला इमारत में हुआ विस्फोट

अग्निशमन विभाग के प्रमुख जेवियर रोमेरो ने बताया कि विस्फोट दोपहर करीब तीन बजे तीन मंजिला



इमारत की निचली मंजिल पर हुआ। सूचना मिलते ही अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मलबे में दबे चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उन्होंने बताया कि विस्फोट से एक कैफे, एक दुकान और अन्य संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है।

# यूक्रेन ने रूस की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी पर किया ड्रोन हमला

**मॉस्को ।** यूक्रेन के ड्रोन हमलों ने रूस की एक सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, जिससे वहां आग लग गई। रूसी अधिकारियों और यूक्रेनी सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यह हमला रूस के उत्तर-पश्चिमी लेनिनग्राद क्षेत्र में स्थित कीरीशी रिफाइनरी पर किया गया। यह वही रिफाइनरी है, जिसे पिछले कई हफ्तों से यूक्रेन रूसी तेल ढांचे पर हो रहे हमलों की कड़ी में देख रहा है। यूक्रेन का कहना है कि तेल आपूर्ति से रूस की युद्ध क्षमता को ताकत मिल रही है, इसलिए ऐसे ठिकानों को निशाना बनाया जा रहा है।

यह रिफाइनरी हर साल करीब 1.77 करोड़ मीट्रिक टन या करीब 3.55 लाख बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करती है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ के मुताबिक, वहां कई धमाकों और आग की सूचना



### आग लगने से बढ़ा ईंधन संकट

मिली। उन्होंने एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें रात के अंधेरे में आग की लपटें और धुएं के गुबार दिखाई दे रहे हैं।

लेनिनग्राद क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर डोजडेनको ने कहा कि कीरीशी इलाके में तीन ड्रोन को मार गिराया गया, लेकिन उनके गिरने से रिफाइनरी में आग लग गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ और आग पर काबू पा लिया गया है।

**यह हमला रूस के उत्तर-पश्चिमी लेनिनग्राद क्षेत्र में स्थित कीरीशी रिफाइनरी पर किया गया। यह वही रिफाइनरी है, जिसे पिछले कई हफ्तों से यूक्रेन रूसी तेल ढांचे पर हो रहे हमलों की कड़ी में देख रहा है**

रूसी अधिकारियों ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल निर्यातक देश है। लेकिन हाल के हफ्तों में पेट्रोल की बढ़ती मांग और यूक्रेन के लगातार ड्रोन हमलों के कारण देश के कई हिस्सों में पेट्रोल की किल्लत हो गई है। कुछ क्षेत्रों में पेट्रोल पंप पूरी तरह खाली हो गए हैं। लोग लंबी लाइनों में लग रहे हैं और अधिकारियों को पेट्रोल की बिक्री सीमित करने या बंद करने जैसे उपाय अपनाने पड़ रहे हैं।

इस संकट से निपटने के लिए रूस ने पेट्रोल निर्यात को रोकने का फैसला किया है। बुधवार को अधिकारियों ने घोषणा की कि 30 सितंबर तक पेट्रोल का निर्यात पूरी तरह से बंद रहेगा और 31 अक्तूबर तक व्यापारियों और बिचौलियों पर आंशिक पाबंदियां लागू रहेंगी।

# ब्रिटेन के वेस्ट मिडलैंड्स में सिख महिला पर हमला ब्रिटिश प्रीत कौर गिल ने की निंदा, लोगों में आक्रोश

**लंदन ।** ब्रिटेन के वेस्ट मिडलैंड्स इलाके में एक सिख महिला के साथ हुए यौन उत्पीड़न और नस्लीय हमले की घटना ने सिख समुदाय में गहरी चिंता पैदा कर दी है। इस मामले की जांच पुलिस कर रही है और इसे नस्लीय घृणा से प्रेरित अपराध माना जा रहा है। ब्रिटिश सिख सांसद प्रीत कौर गिल ने इस हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मैं इस भयानक हमले से बेहद सदमे में हूं। हमलावरों ने पीड़िता से कहा कि वह यहां की नहीं है। लेकिन सच यह है कि वह यहीं की है। सिख समुदाय सहित हर समुदाय को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करने का हक है।'

'बढ़ते खुलेआम नस्लवाद को लेकर चिंतित हूं' सांसद गिल ने कहा



कि कई लोग उनसे संपर्क कर अपनी चिंता जता रहे हैं। 'हाल ही में बढ़ते खुलेआम नस्लवाद को लेकर मैं काफी चिंतित हूं। मैं पुलिस के साथ मिलकर काम करूंगी ताकि दोषियों को जल्द पकड़ा जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।' स्मेथविक से सांसद गुरिंदर सिंह जोसान ने भी इसे 'भयानक हमला' बताया और लोगों से पुलिस को जांच

**ब्रिटेन के वेस्ट मिडलैंड्स इलाके में एक सिख महिला के साथ हुए यौन उत्पीड़न और नस्लीय हमले की घटना ने सिख समुदाय में गहरी चिंता पैदा कर दी है। इस मामले की जांच पुलिस कर रही है और इसे नस्लीय घृणा से प्रेरित अपराध माना जा रहा है**

में मदद करने की अपील की। यह घटना मंगलवार सुबह ओल्डबरी के टैम रोड पर हुई। पीड़िता की उम्र लगभग 20 साल है। दो ब्रिटिश पुरुषों ने महिला को निशाना बनाया और उस पर नस्लीय टिप्पणी की। पुलिस ने बताया कि एक आरोपी के सिर पर बाल नहीं थे, शरीर भारी था और वह काले रंग का स्वेटशर्ट और दस्ताने पहने हुए था। दूसरा आरोपी सिल्वर जिप वाले ग्रे टी-शर्ट में था। चीफ सुपरिंटेंडेंट किम मैडिल ने कहा, 'हम समझते हैं कि इस घटना ने लोगों में गुस्सा और डर पैदा कर दिया है। हम दोषियों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज, फॉरेंसिक और अन्य जांच में तेजी से काम कर रहे हैं।

# कनाडा में आव्रजन विरोधी रैली के दौरान जमकर बवाल, टोरंटो पुलिस ने 10 लोगों को किया गिरफ्तार

**टोरंटो ।** कनाडा के टोरंटो शहर में शनिवार दोपहर एक आव्रजन विरोधी रैली और उसके जवाब में हुए बड़े विरोध प्रदर्शन के दौरान जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान टोरंटो पुलिस ने 10 लोगों को गिरफ्तार किया। यह घटना शहर के क्रिस्टी पिट्स पार्क इलाके में हुई।

पहली गिरफ्तारी और रैली की शुरूआत एक स्थानीय समाचार एजेंसी के मुताबिक, सबसे पहली गिरफ्तारी दोपहर 12:40 बजे (स्थानीय समय) के आसपास ब्लूर स्ट्रीट वेस्ट और क्रिस्टी स्ट्रीट के पास हुई, जहां एक व्यक्ति पर हमले का आरोप लगा। इसके बाद दिन भर में कुल 10 गिरफ्तारियां की गईं।

यह रैली 'कनाडा फर्स्ट पैट्रियट रैली' के नाम से आयोजित की गई थी। आयोजकों का दावा था कि यह रैली 'सामूहिक आप्रवासन' यानी बड़े




पैमाने पर हो रहे आव्रजन के खिलाफ और कनाडाई मूल्यों की रक्षा के लिए की जा रही है। रैली के आयोजक जो एनीडजार ने रेडियो-कनाडा को बताया, 'हमारा मकसद है कि कनाडाई नागरिकों को प्राथमिकता दी जाए, देश को पहले रखा जाए। बड़े पैमाने पर हो रहा आव्रजन हमारे राष्ट्रीय संसाधनों पर दबाव डाल रहा है।' इस रैली का विरोध करने के लिए सैकड़ों लोग उसी पार्क में इकट्ठा हुए। ये लोग आप्रवासियों और हाशिए पर रह रहे समुदायों के समर्थन में आए थे। ओंटारियो फेडरेशन ऑफ लेबर ने अपने फेसबुक पोस्ट में कहा कि क्रिस्टी पिट्स पार्क लंबे समय से फासीवाद विरोधी आंदोलनों का केंद्र रहा है।

# टेक्सास में शरिया कानून पर प्रतिबंध, गवर्नर बोले किसी को भी ऐसे बेवकूफों से डरने की जरूरत नहीं

**वॉशिंगटन ।** टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा है कि उनके राज्य में इस्लामी शरिया कानून का लागू करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही उन्होंने राज्य के निवासियों से व्यवसायों या व्यक्तियों पर शरिया कानून थोपने की किसी भी कोशिश की शिकायत करने की भी अपील की है। एबॉट की यह टिप्पणी ह्यूस्टन से एक वायरल वीडियो के बाद आई है, जिसमें एक मुस्लिम मौलवी लाउडस्पीकर से दुकानदारों से शराब, सूअर का मांस या लॉटरी टिकट न बेचने का आग्रह कर रहा है। धार्मिक नियमों को लागू करने की कोशिश नहीं की जाएगी बर्दाश्त गवर्नर ने इस घटना को उत्पीड़न बताया और कहा कि टेक्सास, सार्वजनिक जीवन में धार्मिक नियमों को लागू करने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेगा। एबॉट ने मंगलवार को एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'मैंने टेक्सास में शरिया कानून और शरिया परिसरों पर प्रतिबंध लगाने वाले कानूनों पर हस्ताक्षर किए हैं। किसी भी व्यवसाय




और किसी भी व्यक्ति को ऐसे मूर्खों से नहीं डरना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'अगर कोई व्यक्ति, शरिया कानून लोगों पर थोपने का प्रयास करता है, तो इसकी सूचना स्थानीय पुलिस विभाग को दी जानी चाहिए।'

साल 2017 में अमेरिकी कानून विधेयक अदालतों को शरिया सहित किसी भी विदेशी या धार्मिक संहिता को लागू करने से रोकता है। अमेरिकी-इस्लामिक संबंध परिषद (सीएआईआर) सहित मुस्लिम समूहों ने एबॉट के बयानों को भ्रामक बताते हुए इसकी आलोचना की और जोर देकर कहा कि शरिया कानून व्यक्तिगत धार्मिक प्रथाओं को नियंत्रित करता है, न कि नागरिक कानून को। पूर्व में शरिया परिसर को लेकर भी जता चुके हैं नाराजगी इस साल की शुरूआत में, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने ईस्ट प्लानो इस्लामिक सेंटर द्वारा प्रस्तावित 400 एकड़ के आवासीय और व्यावसायिक प्रोजेक्ट एपिक सिटी का भी विरोध किया था। इस परियोजना में घर, स्कूल, एक मस्जिद और अन्य व्यावसायिक सुविधाएं शामिल थीं।

# श्रीलंका में प्रांतीय चुनाव में अभी और देर, परिसीमन रिपोर्ट को संसद से मंजूरी के बाद ही होगी तैयारी

**कोलंबो ।** श्रीलंका के नौ प्रांतों की परिषदों के लंबे समय से टलते आ रहे चुनाव जल्द होने की उम्मीद नहीं हैं। रविवार को श्रीलंका के चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये चुनाव तभी कराए जा सकते हैं, जब संसद 2018 की परिसीमन रिपोर्ट को अपनाए। पिछले हफ्ते जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) की बैठक के दौरान इन चुनावों को जल्द कराने की अपील की गई थी।

चुनाव आयोग के महानिदेशक समन श्री रत्नायके ने रविवार को मीडिया से कहा कि जब तक संसद 2018 की परिसीमन रिपोर्ट को स्वीकार नहीं करती, तब तक चुनाव नहीं कराए जा सकते। उन्होंने कहा कि जैसे ही संसद जरूरी बदलावों को मंजूरी देगी, आयोग चुनाव कराने



की प्रक्रिया शुरू कर देगा। चुनाव के लिए बजट में पहले से धन भी सुरक्षित रखा गया है।017 में एक नया कानून लाया गया थ।, जिसमें आनुपातिक प्रतिनिधित्व और फर्स्ट पास्ट द पोस्ट दोनों प्रणाली अपनाई गई। लेकिन उस कानून के तहत परिसीमन समिति की रिपोर्ट को कभी संसद में पेश नहीं किया गया। जब तक इस रिपोर्ट को संसद से मंजूरी नहीं मिलती, तब तक चुनाव नहीं हो सके। श्रीलंका में1988 से अब तक प्रांतीय चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत होते आए हैं। लेकिन अब कई राजनीतिक दल बिना परिसीमन के पुराने तरीके में लौटने की मांग कर रहे हैं।

**श्रीलंका के नौ प्रांतों की परिषदों के लंबे समय से टलते आ रहे चुनाव जल्द होने की उम्मीद नहीं हैं। रविवार को श्रीलंका के चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये चुनाव तभी कराए जा सकते हैं, जब संसद 2018 की परिसीमन रिपोर्ट को अपनाए**

श्रीलंका में प्रांतीय चुनाव पर यूएनएचआरसी में क्या बोला भारत? यूएनएचआरसी की बैठक में भारत ने भी अपना पक्ष दोहराया और कहा कि श्रीलंका को जल्द प्रांतीय चुनाव कराने चाहिए। भारत की प्रतिनिधि अनुपमा सिंह ने जिनेवा में कहा, भारत लगातार यह कहता आया है कि श्रीलंका को अपने संविधान को पूरी तरह और प्रभावी तरीके से लागू करना चाहिए और प्रांत की परिषदों के चुनाव जल्द से जल्द कराने चाहिए और राजनीतिक शक्ति का अर्थपूर्ण विकेंद्रीकरण किया जाना चाहिए।